# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-357 | रविवार, 26 जनवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



संविधान के आदर्शों को याद दिलाता है गणतंत्र दिवस : राज्यपाल 11

रंगले पंजाब की सृजना के लिए उपलब्धियां, पहलकदमियां और उम्मीदें : भगवंत सिंह मान 12


## बधाई



**'कैनविज टाइम्स'** की ओर से गणतंत्र दिवस की सभी देश और प्रदेशवासियों सहित सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई।

**राकेश कुमार पाण्डेय**
**चेयरमैन/प्रधान संपादक**

## सूचना

गणतंत्र दिवस पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 26 जनवरी 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 28 जनवरी 2025 को प्रकाशित होगा।
- संपादक

# महाकुंभ हमारी विरासत की समृद्धि की अभिव्यक्ति


## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संदेश

वार्ता

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक भारत को कभी ज्ञान और बुद्धिमत्ता के स्रोत के रूप में जाना जाता था। राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमेशा से हमारी सभ्यतागत विरासत का हिस्सा रहे हैं। संविधान एक जीवंत दस्तावेज बन गया है, क्योंकि नागरिक मूल्य सहस्राब्दियों से हमारे नैतिक मूल्यों का हिस्सा रहे हैं। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, ''महाकुंभ हमारी सभ्यतागत विरासत की समृद्धि की अभिव्यक्ति है। संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, संविधान भारतीय के रूप में हमारी सामूहिक पहचान को अंतिम आधार प्रदान करता है, यह हमें परिवार के रूप में एक साथ जोड़ता है। सरकार ने कल्याण की



अवधारणा को नए सिरे से परिभाषित किया है, बुनियादी आवश्यकताओं को अधिकार का विषय बना दिया है।'' राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम संबोधन में यह भी कहा कि साहसिक और दूरदर्शी आर्थिक सुधार आने वाले वर्षों में इस प्रवृत्ति को बनाए रखेंगे। हम औपनिवेशिक मानसिकता को बदलने के लिए हाल में ठोस प्रयास देख रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता, भौतिक अवसंरचना और डिजिटल समावेशन के मामले में पिछले दशक में शिक्षा में काफी बदलाव आया है। गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ''गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं, आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं। आज से 75 वर्ष पहले, 26 जनवरी के दिन ही, भारत गणराज्य का आधार ग्रंथ यानी भारत का संविधान, लागू हुआ था। लगभग तीन वर्ष के विचार-विमर्श के बाद, संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान को अंगीकृत किया था। इसी उपलक्ष में 26 नवंबर का दिन, वर्ष 2015 से ● शेष पेज 11 पर



## अटल राय सहारनपुर के मंडलायुक्त बने

लखनऊ। राज्य सरकार ने शनिवार को दो आईएएस व चार पीसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए हैं।
अटल कुमार राय सचिव पंचायती राज तथा निदेशक पंयायती राज से सहारनपुर के मंडलायुक्त बनाए गए हैं। राजेश कुमार त्यागी विशेष सचिव पंचायती राज को पंचायती राज निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पीसीएस अधिकारियों में सुरेश कुमार पाल एसडीएम जालौन से नगर मजिस्ट्रेट बदायूं, संजय कुमार सिंह नजूल अधिकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण से नगर मजिस्ट्रेट बुलंदशहर बनाए गए हैं। आशाराम वर्मा एसडीएम मिर्ज़ापुर से नगर मजिस्ट्रेट बलिया और विनीत कुमार उपाध्याय एसडीएम लखीमपुर खीरी से नगर मजिस्ट्रेट मिर्ज़ापुर बनाए गए हैं।

## दुनिया की आंखें खोल रहा महाकुम्भ : योगी

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ-योगी महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने एक बार फिर महाकुम्भ को एकता का संदेश देने वाला देश और दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बताया और सनातन धर्म को विराट वट वृक्ष की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म एक विराट वट वृक्ष है। इसकी तुलना किसी झाड़ और झंखाड़ से नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर अन्य संप्रदाय हो सकते हैं, उपासना विधि हो सकती है, लेकिन धर्म तो एक ही है और वह है सनातन धर्म। यही मानव धर्म है। भारत में जितनी भी उपासना विधियां हैं वह अलग पंथ और संप्रदाय से भले ही जुड़ी हों, लेकिन निष्ठा और आस्था सब की सनातन धर्म से जुड़ी हुई है। सबका उद्देश्य तो एक ही है। इसलिए महाकुम्भ के इस पावन आयोजन पर हम सबको पूरी दुनिया से आए लोगों को एक ही संदेश देना है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री का कहना है कि महाकुंभ का संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देश। उन्होंने कहा कि याद रखना, भारत सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित हैं। भारत सुरक्षित है तो हर पंथ, हर संप्रदाय सुरक्षित है और अगर ● शेष पेज 11 पर


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



साहू ट्रैक्टर्स
पडरौना पावरट्रैक व एस्कार्ट ट्रैक्टर्स के अधिकृत विक्रेता।
नागेन्द्र कुमार गुप्ता
प्रोपराइटर
साहू ट्रैक्टर्स
पडरौना कुशीनगर



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिफा पॉली क्लीनिक & कान्फीडेन्टल हॉस्पिटल
डा. इब्ने अली
बी. ए. एम. एस. रजि.: 45681/लखनऊ
फिजिशियन एण्ड सर्जन
सदस्य / प्रभारी - नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिसिन एशोसिएशन (नि.मा.)
पडरौना - कुशीनगर



हमारे यहाँ सभी तरह के इमरजेंसी व एक्सीडेंटल मरीज का इलाज एवं फस्ट एड की सुविधा उपलब्ध है।
:: पता::
नौका टोला चुंगी से 500 कदम आगे बलोचहाँ रोड पर, पडरौना (कुशीनगर) M. 9839647291, 9616727371

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अम्ब्रीश सिंह पुष्कर
पूर्व विधायक 176
मोहनलालगंज, लखनऊ



समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अनिल वर्मा
प्रधानाध्यापक
गुमानी खेड़ा नगराम, मोहनलाल गंज लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



भोला नाथ
ग्राम प्रधान उतरांवा
निगोहां, मोहनलाल गंज लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



शैलेन्द्र सिंह दीपू
ग्राम प्रधान
समेसी (भावी ग्राम प्रधान)
निगोहां मोहनलालगंज लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुनील पटेल
प्रधान
ग्राम गढ़ा अब्बास नगर, नगराम, मोहनलालगंज लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विकास पटेल
ग्राम प्रधान
सलेमपुर अचाका नगराम, मोहनलालगंज, लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अशोक कुमार रावत
ग्राम प्रधान
समेसी नगराम, मोहनलालगंज, लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शक्ति प्रकाश पाठक
प्रबंधक
बागेश्वरी रामबासी पीजी कालेज गुरवलिया



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार तिवारी
कास्ट आधारित उद्योग
लखनऊ उत्तर प्रदेश



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एम.आई.डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पैथोलॉजी एवं डिजिटल एक्सरे
निकटः हुजूरपुर रोड सरकारी अस्पताल के पास करनैलगंज गोंडा




समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू सिंह हॉस्पिटल
डॉ. बी. के. सिंह (एम. एस. आयु)
डॉ. पल्लवी यादव (एम.बी.बी. एस. एफ. आर. सी.एच)
पताः- बेलसर रोड, निकट इंडियन पेट्रोल पंप परसपुर गोंडा



समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



ललित कुमार सिंह
भाजपा
मंडल अध्यक्ष, निगोहां, मोहनलालगंज, लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पूजा रानी (प्रबंधक)
पूजा भारत गैस ग्रामीण वितरक
पूरे अहलाद अमदही जनपद-गोंडा



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रणजीत मौर्य
प्रबंधक
सूर्या भारत गैस एजेंसी
छावनी सरकार हाउसिंग कॉलोनी जनपद-गोंडा



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेंद्र पाल सिंह
आरपीएफ पोस्ट कमांडर
रेलवे सुरक्षा बल जनपद-गोंडा



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शशिकांत (प्रबंधक)
श्री साईं सिद्धि भारत गैस
बहराइच रोड गोंडा



समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अनिल कुमार वर्मा
प्रधानाचार्य
जवाहरलाल नेहरु इंटर कॉलेज
बहरौली नगराम गोसाईगंज लखनऊ

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बृजेश शुक्ला
प्रबंधक
जीसस क्राइस्ट पब्लिक स्कूल
विश्वा गणेश, बिशुनपुर बैरिया जनपद गोंडा



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार सिंह
प्रधान
भादवा सोमवंशी
गोंडा



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लाल जी दूबे
जिला पंचायत राज अधिकारी
जनपद- गोंडा



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश कुमार वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत पेड़ारन जनपद-गोंडा



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने अनिवार्य मतदान हेतु ली शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने अनिवार्य मतदान करने हेतु शपथ ली। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। संजय गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार होता है और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि वोट की चोट से चुनाव में अपनी समस्याओं का हल ढूंढ़ा जा सकता है। इसके साथ ही व्यापार मंडल के नेता संजय गुप्ता ने कहा कि जो लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते, उन्हें




सरकारों को कोसने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही व्यापारियों को जाति धर्म की सोच से ऊपर उठकर, व्यापारी के रूप में वोट देकर, अपने आप को मजबूत वोट बैंक के रूप में स्थापित करना होगा, तभी सरकारें व्यापारी वर्ग की समस्याओं को सुनेंगी। संजय गुप्ता ने आगे कहा कि चुनाव में व्यापारी वर्ग अपने परिजनों के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें ताकि सरकारों को व्यापारी वर्ग मजबूत वोट बैंक के रूप में दिख सके क्योंकि राजनीतिक दलें और सत्ता में बैठे हुए लोग केवल वोट की भाषा समझते हैं। अतः नागरिकों को इस भाषा का प्रयोग अच्छी तरह से आना चाहिए। 25 जनवरी, शनिवार को ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' के बैनर तले व्यापारियों ने हर चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ ली। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के पास हुआ।इस दौरान शपथ कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, प्रिंस कॉन्प्लेक्स के अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, कोषाध्यक्ष रवि, लवलेन मार्केट अध्यक्ष मून कमर , कोषाध्यक्ष मोहम्मद गौस अहमद, ट्रांस गोमती वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश अवस्थी, बालागंज के अध्यक्ष संजय जैन ,सत्यनारायण मिश्रा,श्रवण,सत्य नारायण मिश्रा ,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कुमार चड्ढा, नगर उपाध्यक्ष मो.आदिल, नरही बाजार के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बबुआ, महामंत्री संजय अग्रवाल, प्रकाश मोहन भार्गव, अभिषेक केसरवानी पत्रकार पुरम उपाध्यक्ष विशाल पाठक, सुनील जी, कनक लता, यामिनी , आर .एन गिरी ,सेवक,राजू आदि व्यापारी गण शामिल थे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गंगा स्वच्छता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुंभ। के नमामि गंगे पवेलियन में जिला गंगा समिति के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पर एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक का उद्देश्य महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों को गंगा की स्वच्छता और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। नाटक का नेतृत्व जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह के निर्देशन में किया गया। इसमें नमामि गंगे स्पीयरहेड लीडर, गंगा सेवा दूत, और गंगा पहरी ने भाग लिया। प्रस्तुति में यह संदेश दिया गया कि गंगा में पूजा सामग्री, खंडित मूर्तियां, पुराने वस्त्र और अन्य अपशिष्ट प्रवाहित करने से गंगा प्रदूषित होती है, जिससे पर्यावरण और जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस नाटक की सराहना की और गंगा की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नमामि गंगे नोडल अधिकारी अथर्वराज पांडे ने कहा कि महाकुंभ की सफलता के लिए गंगा की स्वच्छता, निर्मलता और अविरलता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें गंगा को दूषित करने वाले हर कारण को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। इस आयोजन में नमामि गंगे टीम के सदस्य रूपशंकर पांडे, निर्मलकांत पांडेय, कुलदीप मिश्रा, सुमन, अंजलि, आरती, मुस्कान, साक्षी और अनीता सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

# पत्रकारों को सम्मानित किए बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बारा,प्रयागराज। बारा के गौहनिया स्थित एमवी कॉन्वेंट स्कूल में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बारा विधानसभा क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकारों का बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने सम्मान किया। यह आयोजन एम वी कॉन्वेंट स्कूल, गौहनिया में किया गया। अपने संबोधन में डॉ वाचस्पति ने कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी से रूबरू होने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि अगली बार निश्चित रूप से सभी पत्रकार साथियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित कर आप लोगों का सम्मान बढ़ाने में मैं पीछे नहीं रहूंगा। आगे उन्होंने कहा कि आप सभी का सहयोग रहा तो बारा विधान सभा को विकास के शिखर पर पहुंचाने का काम करूंगा। क्षेत्र की बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ के अलावा अन्य विकास कार्यो पर भी हमारी नजर है जो जन जन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस दौरान विधायक बारा के मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी की अगुवाई में पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से डॉ विनोद त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, सुभाष शुक्ला, पीसी पाण्डेय, सुमंत भार्गव, महेश प्रसाद त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी, निर्भय शंकर दुबे, सोनू भटनागर, आलोक त्रिपाठी, आनंद जायसवाल, शंकर लाल, मंगला प्रसाद तिवारी, श्यामू निषाद, राज कुमार पटेल, दिलीप चतुर्वेदी, संदीप पटेल, ज्ञानेंद्र पाठक, मिथलेश पांडेय, आलोक पाठक, संजीव पाण्डेय, चंचल द्विवेदी, रावेंद्र तिवारी, सिमरन, शिवम वर्मा, अमित पांडे, लालता प्रसाद मिश्र, कमलेंद्र नाथ दुबे, विनोद शुक्ला, दिवाकर पाल, अब्दुल अलीम शास्त्री सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन विधायक प्रतिनिधि फूल चंद्र पटेल ने किया।

# बर्षो से आयोजित हो रहे कोराव क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज । समाजसेवी विकास तिवारी के साथ उनकी कमेटी द्वारा लगातार कई वर्षो से आयोजित हो रहे कोराव क्रिकेट टूर्नामेंट का आज कोराव मेजा के बीच फाईनल मुकाबला खेला गया जिसमें कंटे की टक्कर में कोराव विजई रहा और उप विजेता मेजा की टीम रही जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे समाजसेवी धर्मप्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप मे युवा ब्लॉक प्रमुख कोराव मुकेश कोल राज्य विधि अधिकारी अभिषेक तिवारी, टिंकू मेजा चर्चित सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी उपस्थित रहे पयासी लोगों को संबोधित करते हुए कहा इस आयोजन से कोराव का नाम रोशन होता है और कोराव के युवा क्रिकेट प्रेमियों के लिए इससे अच्छा कोई प्लेटफार्म नहीं हो सकता खेल से शारीरिक मानसिक विकास होता है सभी युवा स्थिति का स्वागत किया विजेता विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया अंत मे आयोजक विकास तिवारी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत आभार धन्यवाद ज्ञापित किया कमेटी के नीरज पांडेय लवकुश पठानिया नीरज केशरी अवधेश केशरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## थम प्रयास में एफ0एम0 जी0ई0 पास कर कृतिका आनंद ने क्षेत्र का नाम किया रोशन



**हंडिया प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बरौत जहाँ की रहे वाली कृतिका आनंद ने रुस में चिकित्सा स्नातक की पढ़ाई में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त किया।बरौत निवासी डॉ अजित कुमार जो पेशे से चिकित्सक है और क्षेत्र में जीवन दीप नाम का अस्पताल संचालित कर रहे हैं,जिनकी पुत्री डॉ0कृतिका आंनद ने एमबीबीएस पास कर रूस में पहले ही प्रयास में फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त किया।उनके इस सफलता से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ,वही क्षेत्रीय लोग व रिस्तेदारों ने बधाई दी।बात करते हुए डॉ कृतिका आंनद ने कहा कि ज़िंदगी मे अगर सफलता चाहिए तो अपने लक्ष्य पर ध्यान रखना चाहिए।उन्होंने अपने इस कामयाबी का श्रेय माता पिता को दिया।

## पिकअप की टक्कर से साले का टूटा पैर, बहनोई ने किया मुकदमा

**बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंथरा थाना क्षेत्र के लतीफ नगर से रामचौरा मार्ग पर बीती 20 जनवरी को शाम 7 बजे एक मोटरसाइकिल सवार को पिकअप डाला ने टक्कर मार दी थी। टक्कर से मोटरसाइकिल सवार काफी घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए नजदीक के प्रसाद हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया इसका दाहिना पैर टूट गया है तब से जख्मी मोटरसाइकिल सवार का इलाज चल रहा है। वहीं शुक्रवार को घायल के बहनोई कन्हैयालाल चौधरी पुत्र हनुमान निवासी नूर नगर भदरसा चंद्रावल ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर में बताया की उनका साला रामबाबू पुत्र कढिले राम निवासी गहरू थाना सरोजिनी नगर जो की अपने मामा के यहां लतीफ नगर काम करने आते थे और वह 20 तारीख को वापस अपने घर गहरू जा रहे थे तभी भटगांव के पास सामने से पिकअप चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया और भाग रहा था तभी कुछ लोगों ने पीछा कर पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। किसी प्रकार जानकारी पाकर मामा ने घायल को प्रसाद हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने पैर टूटने को बताया। बंथरा पुलिस ने बहनोई कन्हैयालाल चौधरी की तहरीर पर दुर्घटना का मुकदमा पंजीकृत करते हुए अपनी कार्रवाई शुरू की है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले नाबालिक पीड़िता के भाई ने एक युवक पर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है । मोहनलालगंज क्षेत्र के रहने वाले पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी 14 वर्षीय बहन गुरुवार को खेत गई हुई थी खेत से वापस घर आ रही थी तभी फत्ते खेड़ा के रहने वाले शनि ने मेरी बहन को रास्ते में रोक कर उसके साथ बदनीयती से छेड़खानी की ।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर युवक के विरुद्ध नाम जद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है ।

## सरोजिनी नगर से निकली 37वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा

**सरोजनीनगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनीनगर भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नित नयी योजनओं से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विधानसभा क्षेत्र के बुजुर्गों और महिलाओं को दिव्य - भव्य अयोध्या दर्शन कराने के लिए डॉ. सिंह द्वारा रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा (बस सेवा) संचलित है। शनिवार को 37वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का संचालन किया गया। रविवार की सुबह रजनीखंड में विधायक की टीम द्वारा श्रद्धालुओं को पटका पहनाकर बस में बिठाया गया। सभी तीर्थयात्रियों में असाधारण जोश और उत्साह देखने को मिला। रास्ते भर भक्त जन सुन्दर काण्ड का पाठ करते, राम नाम के जयकारे लगाते और विधायक डॉ. सिंह के प्रयासों की प्रशंसा करते नजर आये। विधायक की टीम द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए यात्रा को सहज, सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए। घर से श्रद्धालुओं को सुरक्षित लाने-ले जाने, यात्रा के दौरान उत्तम भोजन, जलपान, और दर्शन की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। इस अनूठी सेवा ने सभी यात्रियों को न केवल आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की, बल्कि उनके मन में डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रति आभार और सम्मान की भावना को और गहराई दी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कैशल किशोर के जन्मदिन को यादगार बनाने पर उन्होंने किया आभार

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्व सांसद व पूर्व कैबिनेट मंत्री कौशल किशोर के जन्म दिवस के अवसर पर पश्चिम विधानसभा के सुमित गुप्ता गोलू के नेतृत्व में गोलू होटल फरीदीपुर दुबग्गा मैं केक काटकर बधाई दी गई जिस पर उन्होंने सभी को हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है उन्होंने इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव गणेश वर्मा मुन्ना त्रिपाठी रोहित साहू सुशील यादव सुनील कनौजिया शीतल रावत सुनील रावत कौशल गुप्ता मनोज रावत डॉक्टर मनमोहन सुभाष गौतम विमल चौधरी मनोज चौरसिया राम सिंह गोपी राजपूत रविराज लोधी कुंवर रामविलास रावत गोविंद रावत एवं अन्य वरिष्ठ उन साथियों का आभार व्यक्त किया है जो इस कार्यक्रम मे उपस्थित रहे साथ ही उन्होंने जनता का भी विशेष आभार किया है।

## बंथरा में बीच सड़क पर डीसीएम हुई खराब कई घंटे तक जाम में जूझते रहे राहगीर

**बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ कानपुर रोड बंथरा कस्बे में शुक्रवार की रात करीब 11 बजे कानपुर की ओर जा रही एक डीसीएम बीच सड़क पर खराब हो गई। डीसीएम के बीच सड़क पर खराब हो जाने से काफी हद तक सड़क पर आवागमन बाधित हो गया, जिससे पीछे कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। शुक्रवार रात्रि करीब 11 बंथरा एनबीआरआई के सामने सड़क पर डीसीएम के खराब होने से कई किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा जाम में फंसे वाहनों को करीब 5 घंटे तक जाम से जूझना पड़ा। जाम की जानकारी जब बंथरा पुलिस को हुई तो वह फौरन भाग कर मौके पर पहुंची और किसी प्रकार डीसीएम को सड़क के किनारे कराया तब जाकर जाम में फंसे वाहन आगे जा सके। इस दौरान जाम में फंसे राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां आए दिन इसी प्रकार का जाम लगा करता है। व्यापारियों का कहना है कि रोजाना लगने वाले जाम से सबसे अधिक परेशानी उन्हें उठानी पड़ रही है। जाम के कारण व्यापार भी प्रभावित होता है। जाम की वजह से स्थानीय खरीदार कस्बा आना नहीं चाहते हैं और यदि मजबूरी में उन्हें आना भी पड़ा तो जल्दी किसी प्रकार वह कस्बे से निकलना आवश्यक समझते हैं। संबंधित प्रशासन को यथाशीघ्र इस विकट समस्या की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे जनता को इस समस्या से निजात मिल सके।

## मत्स्यपालकों, मछुआरों के लिए जागरूकता-सह-क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आईसीएआर नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज ने कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), दीमापुर, नागालैंड में आईसीएआर- रिसर्च कॉम्प्लेक्स उत्तर पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र कार्यक्रम के तहत मछुआरों और जलीय कृषि किसानों की आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से एक जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को डॉ. उत्तम कुमार सरकार, मुख्य अतिथि और निदेशक, आईसीएआर-एनबीएफजीआर के मार्गदर्शन में डॉ. फूल कुमारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख, केवीके, दीमापुर, नागालैंड के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि, डॉ. आई. शकुंतला देवी, डीन, पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय, जालूकी, डॉ. होमेश्वर कलिता, आईसीएआर नागालैंड क्षेत्रीय केंद्र के प्रमुख, और लोइतिमेंबा, मत्स्य पालन और जलीय संसाधन, नागालैंड के अतिरिक्त निदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं सहित कुल 250 मत्स्यपालकों किसानों ने भाग लिया।

# अमीनाबाद व अपट्रान डिवीज़न में 8 बिजली चोर पकड़े गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शनिवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर तालकटोरा सर्किल व राजभवन सर्किल के अंतर्गत बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 21 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया जिसमें से आठ लोगों को 14.50 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। तालकटोरा सर्किल के अधीक्षण अभियंता मुकेश त्यागी ने बताया की अपट्रान डिवीज़न के अधिशासी अभियंता कुलदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता ने विभागीय टीम सहित अपट्रान पॉवर हाउस के अंतर्गत आने वाले एलडीए कॉलोनी, मेहंदीगंज, नौबस्ता, झवांरो वाली गली इलाके में चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान कुल 7 लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। वहीं राजभवन सर्किल के अधीक्षण अभियंता पीके चौधरी ने बताया की अमीनाबाद डिवीज़न के अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार भाटी के नेतृत्व में अमीनाबाद उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता ने विभागीय टीम के साथ नज़ीराबाद इलाके में चेकिंग के दौरान एक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते पाया जिसके ख़िलाफ मुक़द्दमा दर्ज कराया गया हैं। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की इन सभी 8 बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ थाना एंटी पावर थेफ में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी का कनेक्शन बिजली पोल से काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से इसी तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# कैमब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बारा, प्रयागराज। शंकरगढ़ स्थित कैमब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र और छात्राओं की बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुत ने पूरे महफिल में समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। शनिवार दोपहर बारह बजे शुरू हुए वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'मेरा जूता है जापानी' पर बच्चों ने बेहतरीन डांस प्रस्तुत कर लोगों की खूब तालियां बटोरीं।सुदामा श्री कृष्ण मिलाप,भस्मासुर वध,श्री विष्णु द्वारा शिव जी का अहंकार मर्दन नाटकों के जरिये बच्चों ने महाकुंभ और भारतीय संस्कृति पर सुन्दर प्रस्तुति देकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में स्वागत गीत, भजन जरा देर ठहरो राम,गीत मुझे माफ करना ओम साईं राम, राजस्थानी सांग,वतन के सिवा कुछ न चाहत करेंगे,कैसे खेलन जाइयो लोकगीत, गणेश वंदना शास्त्रीय नृत्य आदि कार्यक्रमों के माध्यमों से वार्षिकोत्सव में चार चांद लगा दिए।कार्यक्रम का संचालन धर्मराज कुशवाहा और मीरा श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया । कार्यक्रम में आनंद द्विवेदी, बालकृष्ण मिश्रा, वर्तमान सभासद मनपूरन सिंह, दीपक केसरवानी, सुरेंद्र श्रीवास्तव, पप्पू मिश्र,दिनेश सोनी, मनीष सुसारी, संजीव मिश्र, देव दत्त तिवारी, लवलेश सिंह, रोहित सिंह, सुशील ,आदि अभिभावकों एवं अतिथियों का विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी ने आभार प्रकट किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा, पंकज मिश्रा, मनोज तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, सुधीर नारंग, राजेश गोस्वामी ,अखिलेश पांडे, दीपक केशरवानी, इमरान अहमद, अनुभव पांडेय, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता,रेखा सिंह, मीरा श्रीवास्तव, रीना गोस्वामी, मधु, सोमवती, उषा, प्रीती, वन्दना, स्मिता, निहारिका, अंजू आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# उन्नत जलीय कृषि पद्धति पर तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन, 30 मत्स्य कृषकों ने लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ ।आईसीएआर एनबीएफजीआर के एक्वाकल्चर रिसर्च ट्रेनिंग यूनिट चिनहट परिसर तथा मुख्यालय परिसर तेलीबाग में 22 से 24 के दौरान उन्नत जलीय कृषि पद्धति पर कौशल विकास विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे प्रदेश के 30 मत्स्य कृषकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति समुदाय के मत्स्य कृषकों को उन्नत जलीय कृषि पद्धतियों में कौशल विकास के माध्यम से उनकी आय को दोगुना करने की दिशा में अग्रसर करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व सहायक महानिदेशक अन्तर्स्थलीय मात्स्यिकी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा किया गया। डॉ. यू.के. सरकार, निदेशक आईसीएआर एनबीएफजीआर ने उपस्थित मत्स्य कृषकों को संबोधित करते हुए प्रदेश में मत्स्योत्पादन बढ़ाने के साथ साथ कृषकों की आय को वर्तमान स्तर से दुगुना करने के लिए संस्थान द्वारा उन्हें हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने इसके लिए उच्च मूल्य वाली मत्स्य प्रजातियों को सम्मिलित करते हुए संवर्धन में विविधीकरण अपनाने तथा उत्पादित मछलियों को समुचित लाभ देने वाले बाज़ार तक पहुँच सुनिश्चित करने जोर दिया। डॉ. शरद कुमार सिंह, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी, एआरटीयू चिनहट ने किसानों को सामुदायिक भागीदारी के साथ उन्नत मत्स्य प्रजातियों के पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मत्स्य कृषकों को वाटर टेस्टिंग किट व कास्ट नेट आदि मत्स्यपालन में उपयोगी सामग्री का वितरण भी किया गया।

# श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, की ओर मनाया गया 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज में सुल्तानपुर रोड पर स्थित श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ की ओर से 15 वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे संस्थान के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ।सभी छात्रों और वरिष्ठ अधिकारियों व संकाय सदस्यों ने शपथ ग्रहण समारोह में चुनावों में भाग लेने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोपहर 12:00 बजे से संस्था द्वारा गोद लिए गए ग्राम चांदसराय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने लोगों को मतदान के महत्व, इसके लाभ और प्रक्रिया को समझाने के लिए पोस्टरों और नारों का उपयोग किया।इसी कार्यक्रम में ग्रामीणों को उनके मतदान के अधिकार, उसकी शक्ति और लोकतंत्र में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। छात्रों ने ग्रामीणों से आगामी चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। आयोजन में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ''मतदान लोकतंत्र की नींव है,'' और युवाओं की भागीदारी इसे और सशक्त बनाएगी।

# खैराबाद में चिल्लाय सराय चौराहे के निकट चला बुलडोजर 16000 स्क्वायर फीट भूमि मुक्त कराई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । आज नगर पालिका परिषद व प्रशासन तथा राजस्व की टीम और पुलिस के द्वारा मोहल्ला चिल्लाय सराय चौराहे के निकट भूमाफियाओं के द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई 16000 वर्ग फीट नजूल भूमि बुलडोजर के द्वारा चार दीवारी को तोड़कर के मुक्त कराई गई खैराबाद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त ने बताया कि चिल्लाय सराय चौराहा व कुल्हन सराय के निकट सीतापुर निवासी मजीद के पुत्र मेराज व आफताब के द्वारा 8000 व 8 000 वर्ग फीट भूमि कब्जा करके उसमें चार दीवारी उठा दी गई थी जिसकी शिकायत नगर पालिका परिषद के साथ-साथ सीतापुर जिला प्रशासन को दी गई थी आज दोपहर बाद नगर पालिका परिषद की टीम जिला प्रशासन की टीम राजस्व टीम तथा पुलिस विभाग की टीम के द्वारा उपस्थित होकर बुलडोजर के द्वारा 16000 वर्ग फिट भूमि को माफियाओं से मुक्त कराई गई उन्होंने बताया कि इस भूमि की का मूल्य 5 करोड रुपए है उन्होंने बताया कि खैराबाद में 13वीं बार बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण गिराया गया है तथा राजस्व की वृद्धि करने के साथ-साथ भूमि भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई गई है । इस अवसर पर तहसीलदार विनोद कुमार नायब तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह नया तहसीलदार खैराबाद वसुंधरा त्रिपाठी राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर त्रिपाठी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार राणा कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार सहित लोग मौजूद थे।

# 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में भव्य कार्यक्रम किया गया आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान आर्य कन्या इण्टर कालेज, आर0एम0पी0 पी0जी0 कालेज, गौरी बाल विद्या मन्दिर, विश्वम्भर दयाल इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मतदान के महत्व के विषय में बताते हुये मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित किया। 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं सचिन कुमार, कौशल, सुजाता, अनुज कुमार आदि को मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित किये गये। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाइजर भारत सिंह यादव, कल्पना मिश्रा, गीता रानी श्रीवास्तव, सरिता, अनिल कुमार वर्मा, प्रमिला, मुनव्वर अली, दिवाकर, प्रताप सिंह, नीरज कुमार, अंजनी कुमार सिंह, राहुल तिवारी, भुवनेश श्रीवास्तव, हरिकरण, विनीत कुमार आदि को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करना बहुत ही आवश्यक है। यह हमारा बहुत बड़ा सौभाग्य है कि हमारा देश लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत संचालित है और हम सभी को अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार मिला है। इस अधिकार का बढ़-चढ़कर और समझदारी से प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किया जाता है। उन्होंने प्रेरित करते हुये कहा कि अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें। विशेष तौर पर 18 से 19 वर्ष के युवाओं एवं महिलाओं को आगे आकर अपना नाम दर्ज कराना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारत का सफल लोकतंत्र अनेक देशों के लिये प्रेरणा का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि अनेक पड़ोसी देशों में सत्ता परिवर्तन के समय अशांति भी देखी गयी है, जबकि भारत में पूरी शान्ति के साथ शक्तियों का स्थानान्तरण सफल लोकतंत्र के कारण ही सम्भव हो सका है। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका देश के मतदाताओं की है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों की प्रशंसा भी की।कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी, प्राचार्य जी0आई0जी0 अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रेम शंकर पाण्डेय ने सभी को शपथ दिलायी। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर से एक जागरूकता रैली भी निकाली गयी, जो जी0आई0सी0 चौराहा, कोतवाली चौराहे से होते हुये जी0आई0सी0 क्रीड़ा मैदान में समाप्त हुयी। रैली का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वानें तथा सभी निर्वाचनों में मतदान करने हेतु बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से प्रेरित किया।

# मतदाता जागरूकता दौड़ का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा दिनांक 25 जनवरी 2025 को प्रातः 8:00 बजे से मतदाता जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ संजीव कुमार सिंह, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी, सीतापुर के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया एवं सभी प्रतिभागियों एवं वहां मौजूद समस्त लोगों को मतदाता शपथ भी दिलायी एवं मतदान के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा प्रातः 9.00 बजे साइकिल रेस का आयोजन 02 वर्गों (पुरूष एवं महिला ओपेन वर्ग) में किया गया, पुरूष वर्ग की रेस एवं महिला वर्ग की रेस का शुभारम्भ प्रदीप गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष, आदर्श व्यापार मण्डल व संजय मिश्रा, जिलाध्यक्ष आदर्श व्यापार मण्डल के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। साइकिल रेस प्रतियोगिता में लगभग 92 खिलाड़ियों (बालक एवं बालिकाओं) ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0) जी रहें। मुख्य अतिथि महोदय का क्रीड़ा अधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा विजय रहें प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को इस अवसर पर गणतंत्र दिवस पूर्व संध्या की बधाईर् दी एवं अपने मताधिकार के प्रति खिलाड़ियों को जागरूक किया।

अंत में प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी, श्री संजींव कुमार सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता का संचालन श्री सुरेन्द्र, ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक के द्वार किया गया। मतदाता जागरूकता दौड़ में प्रथम स्थान-अभिषेक, द्वितीय स्थान-शुभम श्रीवास्तव, तृतीय स्थान-अभिषेक कश्यप, चतुर्थ स्थान-अशुल, पंचम स्थान-पुष्पेन्द्र यादव, पुरूष ओपेन वर्ग साइकिल रेस में प्रथम स्थान-गुफरान, द्वितीय स्थान-नूर आलम, तृतीय स्थान-हसिब, सांत्वना-नितिन, सांत्वना-अनुभव राज, सांत्वना-अमरेन्द्र सिंह तथा महिला ओपेन वर्ग साइकिल रेस में प्रथम स्थान-कु0 प्रिया त्रिवेदी, द्वितीय स्थान-कु0 दिव्यांशी, तृतीय स्थान-कु0 आरूषी, सांत्वना-कु0 प्रिया पटेल, सांत्वना-कु0 शिवानी जायसवाल, सांत्वना-कु0 मैरी पाल ने प्राप्त किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्ड-बिसवां की विभिन्न इंडीकेटर्स पर प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड-बिसवां की विभिन्न इंडीकेटर्स पर प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि समस्त इंडीकेटर्स पर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करायें। उन्होंने हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एण्ड वाटर रिसोर्स, फाईनेंशियल इंक्लूशन एण्ड स्किल डेवलेपमेंट, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सोशल डेवलेपमेंट आदि बिन्दुओं पर विभागवार चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप डाटा फीडिंग का कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि महिलाओं के एफ0पी0ओ0 एवं एस0एच0जी0 बनवाते हुये उन्हें संचालित कराया जाये। विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, स्पांसरशिप योजना, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, दिव्यांग पेंशन योजना आदि के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हुये पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। विकास खण्ड बिसवां के समस्त गांवों को बी0एस0एन0एल0 द्वारा संचालित उच्च गुणवत्ता की इंटरनेट सुविधा से जोड़े जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। सभी ग्राम पंचायतों में गठित समितियों को सक्रिय कराते हुये नियमित बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बिसवां को निर्देशित किया कि एन0 क्यू0 ए0 एस0 प्रमाण-पत्र हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास समय से पूर्ण कराये जाने तथा लम्बित रिकवरी कार्य को प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सड़कों के रिस्टोरेशन कार्य में सुधार करने तथा गृह नल संयोजन बढ़ाये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खण्ड बिसवां के संबंध में मा0 प्रधानमंत्री पुरस्कार हेतु निर्धारित डाटा समय से प्रेषित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को मृदा परीक्षण और अधिक कराये जाने के निर्देश दिये। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य गतिविधियां भी रोस्टर के अनुसार संचालित करना सुनिश्चित करें। कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण में सुधार हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का डाटा पूरी शुद्धता के साथ वेबसाईट पर अपलोड किया जाये। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब प्रगति वाले इंडीकेटर्स में सुधार करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बिसवां सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक की मदद करना ग्राम प्रधान के गले की बना फांस

❐ सांडा में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण में क्या दोषी धर्म विशेष,आखिर सभी अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही कब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन सीतापुर। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जेदारी के मामले में धर्म विशेष समुदाय को टारगेट करना न्यायिक प्रक्रिया पर खड़े कर रहा सवाल,क्या अन्य लोगों के द्वारा किए गए अवैध कब्जेदारी में आंख मूंदकर फैसला क्यों वर्षों पूर्व ब्लॉक मुख्यालय के समक्ष कराए गए निर्माण में अब अल्पसंख्यक ग्राम प्रधान के द्वारा भाजपा विधायक की चुनाव के दौरान मदद करना पड़ गया भारी, पर अफसोसनाक ये दिख रहा क्या अन्य समाजवादी लोग कब्जाए रहेंगे सरकारी जमीन। गाटा नंबर 1071(क) व 1072 की पूरी पैमाईश में ब्लॉक मुख्यालय को जाने वाले मार्ग सहित अन्य निर्माण में कब होगा एक्शन? क्या प्रशासन आंख मूंदकर धर्म विशेष पर करेगा कार्यवाही और अन्य अवैध कब्जेदार बचे रहेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सांडा में सरकारी जमीन ही नहीं व्यक्तिगत जमीनों पर बड़े फर्जीवाड़े हो कर लिए गए हैं अवैध निर्माण,इसी परिपाटी में सहकारी समिति गोदाम के सामने से अवैध कब्जेदारी कर निर्माण कार्य पर कब पड़ेगी प्रशासन की निगाह। सांडा में प्रशासन के द्वारा बगैर नोटिस इत्यादि के कथित निर्माण पर प्रशासन की धमकी राजनीति से प्रेरित प्रतीत लग रही।जब तक गाटा नंबर 1071(क) व 1072की पूरी नहीं हो रही पैमाईश और अवैध कब्जेदारों के खिलाफ नहीं जारी होती नोटिस तो सिर्फ एक पर कार्यवाही कितनी सुसंगत।

# आउट आफ स्कूल बच्चों का आयु संगत कक्षाओं में कराएं नामांकन : बीईओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। शनिवार को दुदही बीआरसी सभागार में आउट आफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण हेतु विद्यालयों के नोडल अध्यापकों के ब्लाक स्तर पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। 181 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक चार बैच में प्रशिक्षण में शामिल रहे। प्रशिक्षण में संदर्भदाता एआरपीगण अनिल सिंह, देवेंद्र पांडेय, रामेश्वर यादव, विनोद प्रसाद, अजय कुंवर ने प्राथमिक स्तर पर भाषा, गणित व पर्यावरण तथा पूर्व माध्यमिक स्तर पर भाषा, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों के लिए संघनित माड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षित किया।

## ऐलिया के पीतपुर में पैंतीस लाख के विकास कार्यो की लिस्ट फ़ेसबुक पर डाली जानकारी करने पर नही हुआ गाँव में कोई विकास

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिले के ऐलिया विकासखंड की ग्राम पंचायत पीतपुर में विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सुनने में आ रहा है क्षेत्रीय लोग कुछ कहने से प्रधान प्रतिनिधि की दबंगई की वजह से डरते रहते हैं जब- जब किसी ने शिकायत की भी तो उस पर क्षेत्रीय साँठ- गाँठ करके कार्यवाही होने से पूर्व दबा दिया गया और प्रधान प्रतिनिधि द्वारा सिर्फ लग्जरी लाइफ, अलीशान घर में सिर्फ़ दो वर्षों में विकास कार्य कराया गया है प्रतिनिधि के पास आमदनी का अन्य कोई व्यापार भी नही है पीतपुर महिला प्रधान कुसुमा देवी के पति रामहेत प्रतिनिधि के नौकर हैं या वास्तविकता ग्रामीणों द्वारा दबी जुबान बताई जा रही है। यह सब जानकारी तब हुई जब फ़ेसबुक पेज से एक वीर प्रताप सिंह नाम की आई डी से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पीतपुर प्रधान कुसुमा देवी द्वारा कराए गए लगभग पैंतीस लाख( 3500000) रुपयों के विकास कार्यों की सूची बीस 20 लोगों को टैग करके डाली गई उसके बाद सवांददाता द्वारा ग्राम पीतपुर लोगो से जानकारी एकत्रित की गई यह प्राप्त हुआ कि यह पैंतीस लाख का कार्य सिर्फ कागजों पर ही हुआ ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया गया उच्च अधिकारियों से कई बार शिकायतें भी की गई लेकिन अभी तक नहीं हुई कोई कार्यवाही ग्राम पीतपुर प्रधान /प्रतिनिधि अक्सर रहते विवादित सुर्खियों में शामिल।

## कृषक गोष्ठी में दी गयी फसल सुरक्षा व उपज बढोत्तरी की जानकारी

**पलियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान क्षेत्र कीटनाशक एवं फसल पोषण की दवाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की पहंचान बनाने वाली ख्याति प्राप्त कम्पनी यूपील एसएएस लिमिटेड के तत्वधान में पलिया नगर के सम्पूर्णनगर रोड के टी एन्ड सी लॉन में आयोजित कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कृषक बंधुओं को कम्पनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 राव साहब राजा ने तराई क्षेत्र की प्रमुख फसलों गन्ना, गेंहूँ एवं धान आदि के संदर्भ में किसानों से वार्ता करते हुये बताया कि फसलों को विभिन्न बीमारियों से बचाने हेतु बीज सुरक्षा के लिये इलेक्ट्रान, खर पतवार नष्ट करने के लिये तृस्किल, मृदा संरक्षण हेतु जेवा न्यूरुट इत्यादि मुख्य दवायें यूपील कम्पनी द्वारा निर्मित की जा रही हैं जिनके विधिवत प्रयोग से तीन महीने तक फसलों व जमीन को रोगमुक्त बनाये रखकर उत्तम उपज प्राप्त की जा सकती है। कृषि विज्ञानी डॉ0 अनुराग मिश्रा ने कम्पनी द्वारा उत्पादित पोषक रसायनों, खर पतवार, घास, फफूंद, कीड़े मारने की दवाओं की जानकारी देते हुये बताया कि मृदा संवर्धन, कीट नाशन, बीजोपचार हेतु इलेक्ट्रॉन नामक के उपयोग, तना बेधक कीटों शुण्डी, हवा से फसलों को संक्रमित कर फसलों तनों व पत्तों को झुलसाने वाले बैक्टीरिया मारने हेतु साइसीलिक एसिड युक्त दवा गेनेक्सा व कॉपर, आर्थो मैंकोजेब रसायनों युक्त क्युप्रोफिक्स, सिलिका एवं कीटनाशक आर्गाईल, खर पतवार नाशक ट्राइसाइकिल के उपयोग की जानकारियां प्रदान करते बीज शोधन व शेन्जी विधि के बारे में बताया गया।

## कार्यक्रम का आयोजन एवं सफलतापूर्वक संचालन कम्पनी के डीलर अनूप खाद भण्डार द्वारा करवाया गया

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड मछरेहटा के द्वारा सामाजिक समरसता सहभोज का कार्यक्रम प्रसिद्ध सुखतला धाम हनुमान मंदिर प्रांगण में आदरणीय महेन्द्र पांडेय प्रांत सह संयोजक बजरंग दल की गरिमा मयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ, आदरणीय महेन्द्र जी ने कहा हम सभी के पूर्वज ब्रम्हा जी से उत्पन्न है अपने कार्य के आधार पर वर्ण विभाजित हुए, इस्लामिक आक्रमण के कारण हमें अलग थलग किया गया उन्होंने कहा स्वधर्म रक्षा के लिए पासी समाज ने सुवर पालना प्रारम्भ किया इस्लाम सुवर को नापाक मानते थे जहाँ सुवर होते मुसलमान वहाँ नही जाते थे इस तरह सनातन संस्कृति की रक्षा पासी समाज ने की, आज के बाल्मीकि समाज कल के क्षत्रिय थे युद्ध में बंदी बनाये जाने पर उनसे इस्लाम स्वीकार करने की बात कही गयी मना करने पर मैला उठवाया गया उनका मान भंग किया गया भंगी कह लाये पर धर्म नहीं बदला, सनातन धर्म में सभी को सम्मान मिलता है विवाह में भी सबसे पहले मांग में सिंदूर भरने वाली धोबी समाज की माता होती है, जन्म के समय सबसे पहला स्पर्श धानुक समाज की माता करती है।

## गंगा प्रदर्शनी जनमानस के लिए ज्ञानवर्धक और महत्वपूर्ण : विभानन्द गिरि

**महाकुम्भ नगर।** वर्ष 1981 से लगातार कुम्भ, महाकुम्भ तथा माघ मेला में आयोजित होने वाली गंगा और यमुना जल प्रदूषण निवारण प्रदर्शनी शोध प्रसार प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण जन जागरण महाभियान का उद्घाटन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर देश की ख्यातिलब्ध साध्वी और श्री शंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा प्रयागराज की प्रज्ञा पीठाधीश्वर श्री मां स्वामी विभानंद गिरि महाराज ने कहा कि गंगा प्रदर्शनी अद्भुत और बहुत ही ज्ञानवर्धक है। निश्चय ही सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसमें पर्यावरण से सम्बन्धित समस्त ज्ञानवर्धक बात बतायी गई है और गंगा और यमुना के उद्गम से लेकर उनके गंगा सागर में विलीन होने तक का बनाया गया ।

# दो फरवरी को होने वाले प्रोग्राम को लेकर बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहम्मदी-खीरी। तहसील मोहम्मदी में जमीयत उलेमा ए हिंद के दो फरवरी को होने वाले प्रोगाम के उपलक्ष्य कस्बा बरवर में एक बैठक की गयी। जिसमें दो फरवरी को जमीयत उलेमा ए हिंद की तरफ से तहसील मोहम्मदी में उत्तर प्रदेश के 28 जिलों का एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से जमीयत उलेमा ए हिंद के सदर मौलाना महमूद मदनी मौलाना अबुल कासिम नोमानी सहित जमीयत के सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कस्बा बरवर में हुई बैठक में तहसील सदर मौलाना जावेद कासमी ने बताया कि जमीयत उलेमा ए हिंद ने हिंदुस्तान की जंग-ए-आजादी में एक अहम किरदार अदा किया जिसमें हज़ारों उलमाओं ने शहादत दी है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। मौलाना जियाउल हक कासमी ने बैठक को मुखातिब करते हुए कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद का गठन 1919 में किया गया तब से लेकर आज तक हिंदुस्तान के मुस्तकबिल को बेहतर बनाने पर काम कर रही है अगर कभी कही कोई प्रकृति आपदा या बाढ़ या अन्य कोई जन हानि होती है तो जमीयत उलेमा-ए-हिंद सबसे पहले पहुंच कर उनकी मदद करती है रहने, खाने के जरूरी सामान को लोगो तक पहुंचने का काम करती है। मौलाना कादिर बताते है कि जिन लोगों के पास अपने वाहन हैं उससे और बसों का संचालन भी किया जाएगा, ज्यादा से ज्यादा तादात में प्रोग्राम शिरकत कर प्रोग्राम को कामयाब बनाने की अपील की। इस मौके पर मौ.जलीश दिलकश, मौ. जमाल, हाफिज शहाबुद्दीन, हाफिज उमैर, हाफिज वसी अहमद, हाफिज इजहार सहित दर्जनों हुफ्फज मौजूद रहे।

# कुशीनगर में 26 जनवरी पर आज होंगे राष्ट्रीय कार्यक्रम,रहेगी तिरंगे की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। गणतंत्र दिवस पर रबिवार को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभात फ़ेरी सहित विविध सांस्कृतिक होंगे। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने ने बताया कि 26 जनवरी को सुबह छह बजे सभी मंदिरों,मस्जिदों, गुरुद्वारों, चर्च में सद्भावना प्रार्थना आयोजित किए जाएंगे। प्रभातफ़ेरी सभी नगर पालिका/नगर पंचायतों में समय का पालन करते हुए प्रभात फ़ेरी निकाली जाएगी। सुबह 8.30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण व पौधरोपण होगा। पुलिस लाइन में परेड व ध्वजारोहण का आयोजन 9.30 बजे से शुरू होगा। इसके बाद ध्वजारोहण विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे सभी शिक्षण संस्थाओं पर ध्वजारोहण के बाद खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि होंगे। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/उनके आश्रितों को उनके घर पर ही सुबह 11 बजे संबंधित उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। दोपहर दो बजे शहीद स्मारक स्थलों पर माल्यार्पण एसडीएम करेंगे।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। डीएम विशाल भारद्वाज ने कहा कि जनपद को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए हर स्तर पर प्रयास होगा। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। एसपी संतोष मिश्रा ने 76 वें गणतंत्र दिवस पर जनपदवासियों को शुभकामना देते हुए आह्वान किया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुढ़ और मजबूत बनाने के लिए हम सभी अपने नागरिक कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन करें, जिससे कि हम अपने लोकतंत्र को और भी सशक्त बना सकें। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पडरौना शहर के कोतवाली चौक पर राष्ट्रीय ध्वज और तिरंगे की खरीदारी के लिए लोगों की लंबी कतारे लगी हुई थी।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम लखनऊ

विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय सिंचाई एवं सांस्कृतिक संग्रहालय व उद्यान परिसर निकट एस0जी0पी0जी0आई0 रायबरेली रोड, लखनऊ में स्थित शापिंग काम्प्लेक्स में निर्मित 23 दुकानों एवं 6 क्योस्क को मासिक किराये पर (केवल एक वर्ष के लिये) उठाने हेतु दिनांक 07.02.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के कार्यालय में की जायेगी। (दुकानो से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय, सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम लखनऊ से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।)

-: नियम एवं शर्ते:-

उपरोक्त दुकानों में किसी प्रकार की नशीली वस्तुओं एवं विस्फोटक सामग्री की बिकी वर्जित होगी। दुकानो हेतु विद्युत शुल्क विद्युत खपत के आधार पर उक्त किराये के अतिरिक्त मासिक रूप में लिया जायेगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/संस्था को रू0 5000.00 की नकद धनराशि टोकन मनी के रूप में उक्त तिथि को अपरान्ह 200 बजे तक जमा करनी होगी, जिसे स्वीकार्य उच्चतम बोलीकर्ता के अतिरिक्त उसी दिन मांगने पर वापस कर दिया जायेगा।

बोली स्वीकार हो जाने पर एक वर्ष का सम्पूर्ण किराया तीन दिवस के अन्दर जमा करना होगा, जिसने उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा जमा की गयी टोकन मनी रू0 5000.00 को समायोजित कर दिया जायेगा। उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा यदि किराया की सम्पूर्ण धनराशि बोली स्वीकार होने के तीन दिवस के अन्दर नही जमा किया जाता है तो उसके द्वारा जमा की गयी टोकन मनी रु0 5000.00 को जब्त कर लिया जायेगा।

बोली स्वीकार होने पर बोलीकर्ता को एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध कराना होगा तथा अनुबन्ध हेतु नियमानुसार स्टाम्प पेपर जमा करने पड़ेगें एवं अनुबन्ध के साथ नियमानुसार सिक्योरिटी हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा।

दुकानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं दुकानदार की होगी एवं दुकानों को किसी भी प्रकार की क्षति होने अथवा बिजली के बिलों आदि के शेष रहने पर उक्त सिक्योरिटी धनराशि से काट ली जायेगी। अन्य शर्तें नीलामी से पूर्व नीलामी स्थल पर ही घोषित की जा सकती है। किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता सिचाई निर्माण खण्ड प्रथम, लखनऊ के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई निर्माण खण्ड- प्रथम लखनऊ

www.upgov.nic.in, Upid--227369 Date-24/01/2025



# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

**सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

| रेलगाड़ी संख्या | रेलगाड़ी का नाम | अतिरिक्त फेरों की तिथियां (आरंभिक स्टेशन से) | अतिरिक्त फेरे |
|---|---|---|---|
| 04202/ 04201 | प्रयागराज संगम-आलमनगर-प्रयागराज संगम कुम्भ मेला विशेष | 27.01.25, 31.01.25 से 05.02.25, 10.02.25 से 14.02.25, 24.02.25 से 28.02.25 | 17 |
| 04206/ 04205 | प्रयागराज संगम-अयोध्या छावनी-प्रयागराज संगम कुम्भ मेला विशेष | 27.01.25, 31.01.25 से 05.02.25, 10.02.25 से 14.02.25, 24.02.25 से 28.02.25 | 17 |
| 04210/ 04209 | प्रयागराज संगम-जौनपुर जं.-प्रयागराज संगम कुम्भ मेला विशेष | 27.01.25, 31.01.25 से 05.02.25, 10.02.25 से 14.02.25, 24.02.25 से 28.02.25 | 17 |

नोट :- शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2776/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



Punjab Land of Unlimited Opportunities
GOVT. OF PUNJAB
76वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
संविधान केवल एक दस्तावेज़ नहीं है; यह हमारे राष्ट्र की वह नींव है, जिस पर न्याय, समानता और स्वतंत्रता का अधिकार सुनिश्चित होता है। आइए, इस गणतंत्र दिवस पर हम इस दूर-दृष्टि वाली सोच की रक्षा करने की शपथ लें, जो हमारा उज्जवल और एकजुट भविष्य की ओर मार्गदर्शन करती है
भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
यहां स्कैन करें
मुख्यमंत्री
भगवंत सिंह मान
के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# उच्च शिक्षा की उखड़ती जड़ें

केरल विधानसभा ने बीते मंगलवार 21 जनवरी को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के मसौदा नियमों को वापस लेने का आग्रह किया है। यूजीसी के नए मसौदा नियमों की आलोचना कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों ने भी की है। इस महीने की शुरुआत में तमिलनाडु सरकार ने इसकी आलोचना की थी। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री गोवी चेजियान ने यूजीसी नियमों के मसौदे को तानाशाही बताते हुए कहा था कि अगर केंद्र सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो डीएमके सरकार कानून का सहारा लेगी और इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन भी करेगी। वहीं केरल में न केवल सत्तारुढ़ सीपीआई (एम) बल्कि विपक्षी कांग्रेस भी इस फैसले में साथ है। केरल में सरकार और विपक्ष दोनों का मानना है कि यह उच्च शिक्षा में संघ परिवार के एजेंडे का हिस्सा है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने प्रस्ताव में यूजीसी मसौदा नियमों को उच्च शिक्षा क्षेत्र के व्यवसायीकरण के लिए एक कदम मात्र बताया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बदलते नियमों को उच्च शिक्षा को धार्मिक और सांप्रदायिक विचारों का प्रचार करने वालों के चंगुल में फसाने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। प्रस्ताव में कहा गया है, श्विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के कामकाज के लिए लगभग 80 प्रतिशत पैसा राज्य सरकारों द्वारा खर्च किया जाता है। विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता को बनाए रखने में राज्य सरकारों की प्रमुख भूमिका रहती है। केरल विधानसभा का मानना है कि केंद्र सरका गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने यूजीसी के नए मसौदा नियम जारी किए, जिसमें ऊपरी तौर पर यह दिखाने की कोशिश की गई है कि ये फैसले उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और विश्वविद्यालयों का स्तर ऊंचा उठाने के लिए किए गए। लेकिन असल में इससे उच्च शिक्षा में बड़ी सेंध लगती नजर आ रही है। गौरतलब है कि यूजीसी के नए नियम राज्यों में राज्यपालों को कुलपतियों की नियुक्ति के लिए व्यापक अधिकार दिया गया है। साथ ही कुलपति का पद शिक्षाविदों तक सीमित नहीं रखकर इसे उद्योग विशेषज्ञों और सार्वजनिक क्षेत्र के दिग्गजों के लिए भी खोल दिया गया है। मतलब अब अगर कोई उद्योगपति चाहे तो वह किसी विश्वविद्यालय का कुलपति बन सकता है, भले उसके पास शैक्षणिक योग्यता और अनुभव न हों। उच्च शिक्षा के साथ इतना भद्दा खिलवाड़ आजादी के बाद से अब तक नहीं हुआ। नरेन्द्र मोदी इसे भी मुमकिन बना रहे हैं। इस फैसले पर गैर भाजपाई दल और सरकारें तो फिक्रमंद दिख ही रहे हैं, भाजपा की सहयोगी जदयू ने भी इस पर आपत्ति दर्ज की है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि हमें कुलपतियों की नियुक्ति में निर्वाचित सरकारों की भूमिका सीमित करने को लेकर चिंता है। यह उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार के रोड मैप को प्रभावित करेगा। भाजपा की एक अन्य सहयोगी लोजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद कुमार वाजपेयी ने कहा कि इस मामले पर विचार-विमर्श करना संसद का विशेषाधिकार है। यूजीसी ने प्रकाशनों की मानक सूची को भी बंद करने का फैसला लिया है। बता दें कि विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज के प्राध्यापकों की पदोन्नति के लिए उत्कृष्ट पत्रिकाओं और जर्नल में शोध-पत्र किताब और लेख प्रकाशित होना चाहिए। इसके लिए यूजीसी की मानक सूची से उन पत्रिकाओं की पहचान करने में मदद मिलती थी, जो विश्वसनीय हैं और शोधपत्र प्रकाशित करने के लिए कुछ गुणवत्ता मानकों को पूरा करती हैं। दरअसल पहले कुछ कीमत अदा करके फर्जी पत्रिकाओं में शोध आलेख प्रकाशित करवा लिए जाते थे, जिस पर रोक लगाने के लिए 2018 में यूजीसी-कंसोर्टियम फॉर एकेडमिक्स एंड रिसर्च एथिक्स यानी यूजीसी केयर शुरु किया गया, जो स्कोप्स और वेब ऑफ साइंस जैसे विश्व स्तर पर स्वीकृत डेटाबेस में अनुक्रमित पत्रिकाओं की एक संदर्भ सूची है। विशेषज्ञों द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद भारतीय पत्रिकाओं को सूची में शामिल किया गया। लेकिन अब प्रकाशनों के चयन का फैसला विश्वविद्यालयों पर छोड़ दिया गया है।

# नये संकल्पों एवं नये प्रयोगों से समृद्ध होता गणतंत्र

**किसानों, शिक्षकों, न्यायविदों, मजदूरों, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों और इंजीनियरों की विविध भूमिकाओं की सामूहिक शक्ति हमारे देश को 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने में सक्षम बना रही है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के साथ-साथ पूरे भारत से कई ऐसे लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है जिन्होंने अपने गांव, समाज एवं राष्ट्रमें विकास के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है, इस तरह इस बार गणतंत्र दिवस समारोह ऐसे अनेक नये प्रयोगों एवं प्रदर्शनों का साक्षी बन रहा है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे विशिष्ट संविधान माना जाता है। भारत की संविधान सभा ने दुनिया के सभी संविधानों का अध्ययन किया और हर संविधान के विशिष्ट प्रावधानों को अपने संविधान में शामिल किया। नागरिक स्वतंत्रता के जितने अधिकार भारतीय संविधान में हैं उतने दुनिया के किसी अन्य संविधान में नहीं। भारतीय संविधान की दूसरी विशेषता संविधान की विशालता एवं समग्रता है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता का प्रावधान तो है लेकिन इसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्मानुसार आचरण करने की पूरी स्वतंत्रता है। इसमें नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य की स्पष्ट विवेचना है। इसमें संघात्मकता भी है और एकात्मकता भी है। भारतीय संविधान में सत्ता चयन के लिये संसदीय प्रणाली को सुनिश्चित किया है तथा संचालन के लिये विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे तीन अंग सुनिश्चित किये। भारतीय संविधान में केंद्र और राज्य सरकार के बीच विषयों और कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। केन्द्र सरकार को कुछ आपात अधिकार भी दिये गये हैं जिससे वह केन्द्र राज्य में हस्तक्षेप कर सकता है।**

गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी दिन 26 जनवरी, 1950 को हमारी संसद ने भारतीय संविधान को पास किया। इस दिन भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इसने ब्रिटिश शासन के भारत सरकार अधिनियम 1935 को पूरी तरह खत्म कर दिया और अपना स्वतंत्र संविधान इसी दिन लागू किया। इस वर्ष 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह उनके राष्ट्रपति पद संभालने के बाद भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। इस वर्ष की थीम 'स्वर्णिम भारत- विकास के साथ विरासत' है। यह थीम देश की विरासत को संभालते हुए भारत की प्रगति की यात्रा को दर्शाती है। किसानों, शिक्षकों, न्यायविदों, मजदूरों, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों और इंजीनियरों की विविध भूमिकाओं की सामूहिक शक्ति हमारे देश को 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने में सक्षम बना रही है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के साथ-साथ पूरे भारत से कई ऐसे लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है जिन्होंने अपने गांव, समाज एवं राष्ट्रमें विकास के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है, इस तरह इस बार गणतंत्र दिवस समारोह ऐसे अनेक नये प्रयोगों एवं प्रदर्शनों का साक्षी बन रहा है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे विशिष्ट संविधान माना जाता है। भारत की संविधान सभा ने दुनिया के सभी संविधानों का अध्ययन किया और हर संविधान के विशिष्ट प्रावधानों को अपने संविधान में शामिल किया। नागरिक स्वतंत्रता के जितने अधिकार भारतीय संविधान में हैं उतने दुनिया के किसी अन्य संविधान में नहीं। भारतीय संविधान की दूसरी विशेषता संविधान की विशालता एवं समग्रता है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता का प्रावधान तो है लेकिन इसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्मानुसार आचरण करने की पूरी स्वतंत्रता है। इसमें नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य की स्पष्ट विवेचना है। इसमें संघात्मकता भी है और एकात्मकता भी है। भारतीय संविधान में सत्ता चयन के लिये संसदीय प्रणाली को सुनिश्चित किया है तथा संचालन के लिये विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे तीन अंग सुनिश्चित किये। भारतीय संविधान में केंद्र और राज्य सरकार के बीच विषयों और कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। केन्द्र सरकार को कुछ आपात अधिकार भी दिये गये हैं जिससे वह केन्द्र राज्य में हस्तक्षेप कर सकता है। इतने अनूठे, विलक्षण एवं समग्र संविधान के बावजूद छिहत्तर वर्षों में हमारा गणतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा रहा। लेकिन अब इन राष्ट्रीय पर्वों को मनाते हुए संप्रभुता का अहसास होने लगा है। गणतंत्र का जब हम जश्न मनाते हैं, तो उसमें कुछ कर गुजरने की तमन्ना भी जागती है तो अब तक कुछ न कर पाने की बेचैनी भी दिखती है। हमारी जागती आंखो से देखे गये स्वप्नों को आकार देने का विश्वास मुखर होता है तो जीवन मूल्यों को सुरक्षित करने एवं नया भारत निर्मित करने की तीव्र तैयारी सामने आती है। अब होने लगा है हमारी स्व-चेतना, राष्ट्रीयता एवं स्व-पहचान का अहसास। जिसमें आकार लेते वैयक्तिक, सामुदायिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक अर्थ की सुनहरी छटाएं हैं। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हमारी उन सफलताओं की ओर इशारा करता है जो इतनी लंबी अवधि के दौरान अब जी-तोड़ प्रयासों के फलस्वरूप मिलने लगी हैं। यह हमारी विफलताओं पर भी रोशनी डालता है कि हम नाकाम रहे तो आखिर क्यों! क्यों हम राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को सुदृढ़ता नहीं दे पाये हैं? क्यों गणतंत्र के सूरज को राजनीतिक अपराधों, घोटालों और भ्रष्टाचार के बादलों ने घेरे रखा है? यह सही है और इसके लिए सर्वप्रथम जिस इच्छा-शक्ति की आवश्यकता है, वह हमारी शासन-व्यवस्था एवं शासन नायकों में सर्वात्मना नजर आनी चाहिए और ऐसा होने लगा है तो यह सुखद अहसास है। बावजूद अभी भी देश की राजनीति अनेक विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से घिरी है। यह विडंबना है कि आजादी की हीरक जयंती मना चुके देश में मतदाता को हम इतना जागरूक नहीं बना पाए कि वो अपने विवेक से मतदान कर सके। निस्संदेह, यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है। लेकिन हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त-मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, तीनों प्रमुख रजनीतिक दल नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं। एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरु करे। अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी। उनके तीसरे प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, कुछ समय पूर्व हमने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा। काशी में विश्वनाथ धाम का जो विकास हुआ है, उसे देखा। इनदिनों प्रयागराज में महाकुंभ का दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक अनुष्ठान होते हुए हम देख रहे हैं। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर किया जा सकता है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे दुनिया की महाशक्तियों के बीच भी अडिग खड़ी रह सकती है? कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए भारत में धर्मस्थलों और तीर्थों के विकास की किसी भी पहल की भी प्रशंसा होनी ही चाहिए। महाकुंभ की एक चमत्कारपूर्ण एवं विलक्षण आभा सामने आयी है, जो हमे गर्वित कर रही है। भारत के गणतंत्र में और भी चार-चांद लग रहे हैं, जैसे प्रयागराज हो, काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चौंकाने वाले लगते हैं। इन परिदृश्यों को केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए विशेष रूप से गौरवान्वित करेंगी। वाकई यहां अब कोई संदेह शेष नहीं है कि मोदी सरकार देश व समाज को बदल रही है, लोगों का जीवनस्तर उन्नत कर रही है। धार्मिक स्थलों को भव्य रूप ही नहीं दिया जा रहा है बल्कि उनसे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, सीमाओं की सुरक्षा भी बेखूबी हो रही है, समुंदर में हजारों किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर भी बिछाया जा रहा है, हर जिले में मेडिकल कॉलेज भी बनाये जा रहे हैं, उन्नत सड़कों का जाल बिछ रहा है, गरीबों को पक्के मकान भी बनाकर दिये जा रहे हैं, रोजगार, पर्यावरण-सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा की अनूठी व्यवस्थाएं भी हो रही है। मतलब वर्तमान शासन-नायकों को विरासत और विकास की समन्वित चिंता है। हिंदुत्व की चिंता है, तो विकास की भी पूरी फिक्र है। अब सुधार, सुशासन, स्व-संस्कृति, स्व-पहचान के दीपक जल उठे हैं, तो उसकी रोशनी तमाम देशवासियों को नया विश्वास, नया आश्वास, नया विकास एवं सुखद जीवनशैली दे रही है। भारत के संवैधानिक एवं संप्रभुता सम्पन्न राष्ट्र बनने की 76वीं वर्षगांठ मनाते हुए हम अब वास्तविक भारतीयता का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल रही है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम प्रधानमंत्री के मुख से नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत को आकार लेने के संकल्पों की बात सुनते हैं। गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाते हुए यही कामना है कि पुरुषार्थ के हाथों भाग्य बदलने का गहरा आत्मविश्वास सुरक्षा पाये। एक के लिए सब, सबके लिए एक की विकास गंगा प्रवहमान हो। – **ललित गर्ग**

# आखिर कब समझेंगे हम गणतंत्र की मूल भावना

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष की भांति एक और गणतंत्र दिवस हमारी चौखट पर दस्तक दे चुका है। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रत्येक राष्ट्रप्रेमी के लिए यह गर्व का दिन है क्योंकि भारत ने देश की आजादी के बाद स्वयं का संविधान बनाकर 26 जनवरी 1950 के दिन इसे लागू कर इसी दिन प्रभुत्ता सम्पन्न सार्वभौमिक प्रजातंत्रात्मक गणराज्य बनने का गौरव हासिल किया था। 26 जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस के रूप मनाने की शुरूआत के पीछे मूल भावना यही थी कि देश का प्रत्येक नागरिक इस दिन संविधान की मर्यादा की रक्षा करने, स्वयं को देशसेवा में समर्पित करने तथा राष्ट्रीय हितों के प्रति आस्था का संकल्प ले, साथ ही इन पर अमल करे लेकिन विडम्बना है कि गौरवान्वित कर देने वाले इस विशेष अवसर पर ऐसे संकल्पों को प्रतिवर्ष दोहरा कर या स्मरण मात्र करते हुए हम अपने कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों की इतिश्री कर लेते हैं। सही मायनों में गणतंत्र की मूल भावना को हमने आज तक समझा ही नहीं। 'गणतंत्र' का अर्थ है शासन तंत्र में जनता की भागीदारी। हालांकि हम कह सकते हैं कि शासन तंत्र में जनता को पूर्ण भागीदारी मिली है किन्तु क्या यह वाकई पूर्ण सत्य है? देश का संविधान लागू होने के इन 75 वर्षों में भी क्या वास्तव में शासन तंत्र में जनता की भागीदारी सुनिश्चित हुई है? जनता को यह तो अधिकार है कि मतदान के जरिये वह अपना जनप्रतिनिधि चुने किन्तु एक बार संसद अथवा विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद अगले पांच वर्षों तक इन जनप्रतिनिधियों पर उसका क्या कोई अंकुश रह जाता है? वास्तविकता यही है कि इसी प्रावधान का लाभ उठाते हुए राजनीतिक दल देश की जनता का चुनाव के समय महज एक वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल करते आए हैं और अपना मतलब निकलने पर जनप्रतिनिधियों पर जनता के दुख-दर्द के बजाय अपने लिए सुख-सुविधाओं का अंबार जुटाने की चिंता सवार हो जाती है और वे इसी कवायद में जुट जाते हैं कि येन-केन-प्रकारेण अगले चुनाव के लिए कैसे करोड़ों रुपयों का इंतजाम किया जाए। अहम सवाल यह है कि जिस राष्ट्र में जनता की भागीदारी चुनाव में सिर्फ वोट डालने और उसके बाद चुने हुए जनप्रतिनिधियों के आचरण से शर्मसार होकर आंसू बहाने तक सीमित रह गई हो, वहां 'गणतंत्र' का भला क्या महत्व रह गया है? खासतौर से ऐसी स्थिति में, जब गरीबी व भुखमरी से त्रस्त करोड़ों लोग चंद रुपयों की खातिर या लाखों लोग महज दो-चार शराब की बोतलों के लिए अपने वोट बेच डालते हों या ईवीएम के दौर में भी कुछ मतदान केन्द्रों पर गुंडागर्दी के बल पर वोट डलवाये जाते हों? हालांकि इसमें संशय नहीं कि हमें विशुद्ध रूप में एक प्रजातांत्रिक संविधान प्राप्त हुआ है, जिसमें प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक समुदाय, प्रत्येक सम्प्रदाय के लोगों के लिए बराबरी के अधिकार के साथ-साथ व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुछ मूलभूत स्वतंत्रताओं की व्यवस्था भी की गई है, प्रत्येक नागरिक के लिए मूल अधिकारों का प्रावधान किया गया है किन्तु गणतांत्रिक भारत में पिछले 75 वर्षों के हालात का विवेचन करें तो यही पाते हैं कि हमारे कर्णधार एवं नौकरशाह किस प्रकार संविधान के कुछ प्रावधानों के लचीलेपन का अनावश्यक लाभ उठाकर कदम-कदम पर लोकतांत्रिक मूल्यों को तार-तार करते रहे हैं। निःसंदेह इससे लोकतंत्र की गरिमा प्रभावित होती रही है। संविधान निर्माताओं ने कभी इस बात की कल्पना नहीं की होगी कि जिन लोगों के कंधों पर संविधान को लागू कराने की जिम्मेदारी होगी, वही इसके प्रावधानों का मखौल उड़ाते नजर आएंगे। ऐसी दयनीय परिस्थितियों को देखकर निश्चित रूप से संविधान निर्माताओं की आत्मा खून के आंसू रोती होगी। संसद-विधानसभाओं में एक-दूसरे के साथ मारपीट, घूंसेबाजी, चप्पल, माइक इत्यादि से प्रहार, कुर्सियां फेंकने जैसी घटनाएं भारतीय लोकतंत्र में शर्मनाक पैठ बना चुकी हैं। वक्त-बेवक्त संसद और विधानसभाओं के भीतर होती गुंडागर्दी सरीखी घटनाएं दुनियाभर में हमें शर्मसार करती रही हैं। जिस राष्ट्र में कानून बनाने वाले और देश चलाने वाले लोग ही ऐसी असभ्य हरकतें करने लगें, वहां अपराधों पर अंकुश लगाने की किससे अपेक्षा की जाए? संसद-विधानसभा सरीखे लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिरों में अपराधियों व बाहुबलियों का निर्बाध प्रवेश क्या एक स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत है? चुनाव जीतने के लिए आज हर राजनीतिक दल में ऐसे लोगों को पार्टी में शामिल करने, चुनाव जीतने के लिए उनका इस्तेमाल करने के अलावा उन्हें ही पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़वा कर अपनी सीटें बढ़ाने के फ़ेर में ऐसे दागी लोगों को लोकतंत्र के मंदिरों में प्रवेश दिलाने की होड़-सी लगी है।

## सेहत मंत्र

# मुनक्के को करें आहार में शामिल बीमारियां रहेंगी कोसों दूर

ठंड के मौसम में अक्सर लोगों को सर्दी-जुकाम से लेकर कई छोटी-बड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो समस्या के समाधान के लिए लोग डॉक्टर का रूख करते हैं, जबकि इलाज घर की किचन में ही मौजूद होता है। दरअसल, भारतीय रसोई में ऐसी कई चीजें हैं, जिन्हें अगर भोजन का हिस्सा बनाया जाए तो कई तरह की बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुनक्का। वजन करें कम- हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, मुनक्के का सेवन वजन कम करने में सहायक है। अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो यह आपके शरीर में जमा फैट सेल्स को तोड़ने में सहायक होगा। जिससे आपके शरीर में जमा जिद्दी फैट आसानी से खत्म होने लगेगा। साथ ही यह आपको एनर्जी भी देगा। तनाव से मुक्ति- हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि आज के समय में तनाव हर किसी की जिन्दगी का हिस्सा बन गया है, जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ है। ऐसे में तनाव से मुक्ति पाने के लिए भी आपको मुनक्का का सेवन जरूर करना चाहिए। दरअसल, इसमें अर्जीनाइन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो तनाव को कम करने में सहायक है। बस आप हर सुबह इसका सेवन करें। आपको कुछ ही दिनों में अंतर नजर आने लगेगा। हाई ब्लड प्रेशर को करें नियंत्रित- हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत है तो आपको मुनक्का जरूरी खानी चाहिए। मुनक्के के सेवन का एक सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को कंट्रोल करता है, जिससे आपको हाइपरटेंशन की बीमारी पर काबू पाने में मदद मिलती है। महिलाओं के लिए लाभदायक- वैसे तो मुनक्का बच्चों से लेकर बूढों तक के लिए लाभकारी माना गया है, लेकिन महिलाओं को इसका विशेष रूप से सेवन करना चाहिए। दरअसल, भारतीय महिलाओं में आयरन की कमी अक्सर देखी जाती है। ऐसे में मुनक्का खाने से शरीर में आयरन व खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं, यह महिलाओं को सिर दर्द व बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है और चेहरे का ग्लो भी बढ़ाता है।

## धर्म मंत्र

# जीवन में आये संकट दूर करने हेतु पति पत्नी करें भगवान बृहस्पति की पूजा

ब्रह्मा, विष्णु, महेश यानि कि 'त्रिदेव' में से भगवान विष्णु को सृष्टि के संचालन का कार्य सौंपा गया है। यही वजह है कि पृथ्वी पर आयोजित होने वाले किसी भी मांगलिक कार्य के लिए बृहस्पति देव, जो स्वयं विष्णु भगवान के एक रूप हैं, उनको याद किया जाता है। विशेष तौर पर शादी-विवाह जैसे बंधनों को मजबूत बनाने के लिए बृहस्पति देव की पूजा करने का विधान शास्त्रों में बताया गया है। शास्त्र हमें यह भी बताते हैं कि किसी के भाग्य में बृहस्पति का संयोग ठीक नहीं है, तो उसके वैवाहिक जीवन में क्या-क्या संकट आ सकते हैं। शास्त्रों में इस बात का भी वर्णन है कि अगर पति पत्नी संयुक्त रूप से भगवान बृहस्पति की पूजा करते हैं, तो निश्चय ही उनके जीवन पर इसका सकारात्मक असर पड़ता है और उनका रिश्ता मधुर बना रहता है। ऐसे में हम आज आपको भगवान बृहस्पति को प्रसन्न करने के कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिससे दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और आपसी सामंजस्य बना रहेगा। अगर आपके भाग्य में बृहस्पति शुभ नहीं है या वृहस्पति ग्रह टेढ़ा है तो इसका सीधा असर आपके वैवाहिक जीवन पर पड़ता है और आपके वैवाहिक जीवन में खलल पढ़ना प्रारंभ हो जाता है। इतना ही नहीं, अगर आप शादीशुदा नहीं हैं और आपके भाग्य में बृहस्पति बाधित है, तो इसका असर यह होता है कि आपका विवाह संपन्न होने में बाधाएं उत्पन्न होने लगती हैं।

## पर्यटन



# प्राकृतिक खूबसूरती और रोमांच का संगम है हिमाचल की पब्बर वैली

अगर आप भारत में एक ऑफबीट डेस्टिनेशन में घूमने का प्लॉन कर रही हैं तो ऐसे में आपको हिमाचल की पब्बर वैली में एक बार जरूर जाना चाहिए। प्रकृति की गोद में बसी पब्बर घाटी आपको ना सिर्फ अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का अहसास कराती है, बल्कि यहां आपको कई तरह की एडवेंचर्स एक्टिविटी करने का भी मौका मिलता है। यहां पर ऐसे कई ट्रेकिंग स्पॉट हैं, जहां पर आपको एक अलग ही एक्सपीरियंस मिलेगा। यहां आप हिमालय की प्रामाणिक सुंदरता, देवदार और ओक के हरे भरे जंगलों, कई सुंदर नदियों और झरनों का अनुभव कर सकेंगे और भारत में कुछ बेरोक टोक ट्रेक मार्गों का आनंद भी ले सकेंगे। गडसरी सरू ट्रेक- शायद न केवल इस क्षेत्र में बल्कि पूरे देश में सबसे दुर्लभ ट्रेक में से एक है, इस ट्रेक मार्ग को सबसे अनुभवी ट्रेकर्स द्वारा भी मुश्किल से पहुँचा जा सकता है। ट्रेक मार्ग गहरे जंगलों और विचित्र गडसरी गाँव से गुज़रता है और अंत में सुंदर सरयू झील पर समाप्त होता है जो 11,865 फीट की ऊँचाई पर है। ट्रेक को पूरा करने में लगभग पूरा दिन लगता है जो कि बेहद मनोरम और चुनौतीपूर्ण है। रूपिन पास-यह शानदार ट्रेक रूपिन नदियों के किनारे का अनुसरण करता है और इस तरह आपको सुंदर गांवों, झीलों, हरे भरे जंगलों, ऊंची पर्वत चोटियों और चट्टानों और यहां तक कि बर्फीली भूमि के विशाल विस्तार के माध्यम से यात्रा पर ले जाता है। यह चुनौतीपूर्ण ट्रेक धौला से शुरू होता है और तीन चरणों में विभाजित एक राजसी झरने से मिलता है। 4619 मीटर पर अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के लिए, आपको चट्टानों, बोल्डर और बर्फ से चलना होगा जो बहुत ही साहसिक है। जांगलिक चन्दरनहान ट्रेक- चंद्रनहन ट्रेक के लिए आपको जंग्लिक गांव की यात्रा करनी होगी और फिर रोडोडेंड्रोन, देवदार और ओक के पेड़ों, चमचमाती नदियों और नदियों के घने जंगलों के माध्यम से चुनौतीपूर्ण यात्रा शुरू करनी होगी। झील लगभग 4000 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है और हमेशा बर्फ में ढकी रहती है जो एक रमणीय दृश्य के लिए बनी है। इसे पवित्र भी माना जाता है और इस प्रकार पानी में डुबकी लगाना एक अद्भुत अनुभव है।

# एक दिवसीय जनपद स्तरीय गोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। त्वरित मक्का विकास एवं जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल ऑयल सीड्स योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय सेमीनार व तिलहन मेले का आयोजन गॉंधी स्टेडियम स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। जिसमें कृषि,गन्ना,उद्यान, मत्स्य,विभिन्न कम्पनिया, फसल बीमा,पशु पालन विभाग एवं जिला कायक्रम अधिकारी द्वारा विभिन्न स्टाल लगाये गये। कृषि विज्ञान केन्द्र टांडाविजैसी पीलीभीत के वैज्ञानिकों द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को कृषि की विभिन्न विधाओं एवं तकनीकी जानकारियॉ उपलब्ध कराई गई।जिससे कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। विभिन्न विभागों से आये अधिकारियो द्वारा अपने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही उनके द्वारा यह भी अपील की गई की सभी कृषक भाई अपनी-अपनी फसलों का फसल बीमा अवश्य करा लें, ताकि दैवीय आपदा आने पर फसलों




### कृषि विज्ञान केन्द्र टांडा विजैसी के वैज्ञानिकों ने गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को कृषि तकनीकी दी जानकारियॉ

में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति मिल सके। साथ ही प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में बताया गया।नरेन्द्रपाल उप कृषि निदेशक पीलीभीत के द्वारा ग्रीष्मकालीन साठा धान न लगाने की कृषकों से अपील की और बताया साठा धान की जगह मक्का की फसल लगाये जिससे कम लागत में अधिक आय भी प्राप्त होगी। साथ ही कृषकों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया। फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर भविष्य में विभिन्न विभागों से मिलने वाली योजनाओं का लाभ नहीं मिल पायेगा।उक्त कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस ढ़ाका,नरेन्दर कुमार, उप कृषि निदेशक,श्याम नारायण राम जिला कृषि रक्षा अधिकारी, इं0 कौशल किशोर, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी,रोहित वर्मा अध्यक्ष भूमि परीक्षण प्रयोगशाला पीलीभीत पंकज कुमार पीलीभीत वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए तथा डा0 सौरभ तोमर तथा जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया हैं।

# चेयरमैन की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद कार्यालय में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति नगर पालिका पीलीभीत की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका कार्यालय पीलीभीत में आहूत की गई। बैठक के माध्यम से संरक्षण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित समस्त लाभार्थी परक योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी।बैठक मे उपस्थित सभी वार्ड के सभासदों को महवपूर्ण हेल्पलाइन नम्बर के बारे मे भी बताया गया। बैठक में आशुतोष गुप्ता उपजिलाधिकारी सदर जिला कार्यक्रम अधिकारी, मीनाक्षी पाठक संरक्षण अधिकारी एवं चाइल्ड लाइन पीलीभीत से परियोजना समन्वयक व सामाजिक कार्यकर्ता, केसवर्कर इत्यादि उपस्थित रहे है।





# 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने शपथ दिलाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों व छात्र/छात्राओं को पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलायी। तत्पश्चात डीएम ने केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज सुलतानपुर के छात्र/छात्राओं द्वारा निकाली गयी मतदाता जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कहा कि युवा मतदाताओं एवं भावी मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने हेतु जन जागरूकता रैली व शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी युवा




मतदाताओं व भावी मतदाताओं से मतदान करने व जागरूकता अभियान में प्रतिभाग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिये ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता प्रतिभाग कर राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान दें। इसी प्रकार समस्त तहसीलों, कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एस. सुधाकरन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कॉलेज के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिये अहम है इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिये क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है इसलिये हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है भारत में जितने भी चुनाव होते हैं उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की होती है भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था इसलिए 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ। भारत

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

### कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई शपथ

सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिये निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी और 2011 से ही हर साल पच्चीस जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में आज भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पच्चीस जनवरी को पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद अमेठी में विविध जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता हेतु निकाली गई बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जिलाधिकारी द्वारा गुब्बारे व शांति प्रतीक कबूतर उड़ाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभागार में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बेसिक,माध्यमिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं, छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, मतदाता जागरूकता गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया साथ ही मतदाता जागरूकता को लेकर वृहद रंगोली भी बनाई गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर जन सामान्य को आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं पहली बार मतदाता बने युवाओं को ईपिक कार्ड वितरित किया साथ ही वरिष्ठ मतदाताओं को अंगवस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह, स्वीप आईकान रुचि सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं व जन सामान्य मौजूद रहे।

# एक सौ पांच बीसी सखियों को दिया गया दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी, बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र गौरीगंज द्वारा जिले के ग्राम सभा में कार्यरत बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग (पुनर्श्चर्या प्रशिक्षण) दिया जा रहा है। यह ट्रेनिंग जिले के आईटीआई कालेज गौरीगंज में दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आरसेटी के प्रभारी अनिल कुमार व प्रकाश जायसवाल और सीएससी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा दिया जा रहा है। बीसी सखी के साथ सीएससी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा और सर्वेश कुमार, व अभिषेक कुमार द्वारा ट्रांजैक्शन को बढ़ाने के साथ अन्य योजनाओं को विस्तार से हर खाताधारकों तक पहुंचाने के गुण बताए। साथ ही साथ समस्त बीसी सखी अपने क्षेत्र के समस्त व्यक्तियों को बैंक से जोड़े और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा , प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा, अटल पेंशन योजना के लाभ से जोड़े। आज जिले के मुसाफिरखाना तहसील के तीन विकास खण्ड जगदीशपुर, शुकुल बाजार व मुसाफिरखाना में कार्यरत बीसी सखिंयो का प्रशिक्षण दिया गया। आज एक सौ पांच बी सी उपस्थित होकर पहले दो दिन का प्रशिक्षण लिया। इस अवसर डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है। इस ट्रेनिंग से व्यक्ति की स्मृति ताजा होती है और उस विषय पर ज्ञान बढ़ता है। उन्होंने बताया कि आज तृतीय बैच पूर्ण हुआ है जिसमें मुसाफिरखाना तहसील के जगदीशपुर, शुकुल बाजार व मुसाफिरखाना की बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है।

# विकास व विरासत प्रगति पथ विषयक भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' विषय के अंतर्गत जनपद स्तरीय भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र, दुबेपुर, धनपतगंज, कूरेभार ब्लाक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने किया। प्रतियोगिता में डॉ0 रीना केसरवानी, डॉ0 दीपा द्विवेदी, सुमन यादव डॉ0मुक्ता सिंह, अंजना सिंह, संतोष कुमार सरोज, अमरनाथ यादव, सुनील कुमार यादव, विष्णु कुमार मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। आयोजित प्रतियोगिता के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उन्नति सिंह पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, द्वितीय स्थान



साक्षी मौर्य सिस्टर नीतू इंटरनेशनल इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, तृतीय स्थान दिशांत शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, चतुर्थ स्थान सूरज कुमार श्रीवास्तव मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर व पंचम स्थान अनन्या तिवारी कमला केशव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सुल्तानपुर को प्राप्त हुआ तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपांशु पाल राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, द्वितीय स्थान शनि कुमार कमला केशव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सुल्तानपुर, तृतीय स्थान जानवी तिवारी पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, चतुर्थ स्थान श्रेया मौर्या सिस्टर नीतू इंटरनेशनल इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, पंचम स्थान अंशिका उपाध्याय पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बुआपुर सुल्तानपुर ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता की नोडल डॉ0 दीपा द्विवेदी ने आए हुए समस्त विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महिला शिक्षक संघ की टीम ने खंड शिक्षा अधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला शिक्षक संघ की कार्यकारी जिला अध्यक्ष संगीता वर्मा के दिशानिर्देशों में महिला शिक्षक संघ अमरिया की ब्लॉक अध्यक्ष मालती देवी के नेतृत्व में महिला शिक्षक संघ की टीम ने खंड शिक्षा अधिकारी अमरिया उमेंद्र दत्त त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर नववर्ष एव गणतंत्र दिवस की बधाई दी है।इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ अमरिया की महामंत्री दिव्या भटनागर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म कर बनाई वीडियो कर रहा ब्लैकमेल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया। उसकी पुत्री को सुमित पुत्र लालाराम ने ढेड बर्ष पूर्व प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। आरोप है कि वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसको अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। जब इसकी जानकारी युवती के परिजनों लगी तो उन्होंने पुलिस में शिकायत करने की चेतावनी दी। इस पर आरोपी व उसके पिता और भाई ने शादी करने की बात कहकर 2023 में गोद भराई व मंगनी कर फरवरी 2025 में शादी की बात तय हुई थी। मंगनी में तीन लाख रुपए नगद एवं महेमानो को उपहार भी दिए थे। अब उक्त लोग शादी करने से मना कर रहे हैं और पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी युवक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। फिलहाल मामले में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

### एक्सीडेंट में युवक का कटा पैर पत्नी बच्चों को लेकर नंदोई के साथ फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी शादी 18 बर्ष पूर्व हुई थी।उसकी 16 बर्षीय पुत्री है और 11 बर्षीय पुत्र है। 2012 में पीड़ित युवक का एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में युवक का एक पैर कट जाने से वह विकलांग हो गया। इस दौरान युवक के जीजा का उसके घर अधिक आना जाना हो गया और उसने अपनी सरहज को मीठी मीठी बातों में फंसाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। जब इसकी जानकारी पीड़ित युवक को हुई तो उसने अपने जीजा का विरोध किया और पत्नी की शिकायत उसके मायके वालों से की। आरोप है कि उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर नंदोई के साथ फरार हो गई। वह अपनी पत्नी और बच्चों को लेने लुधियाना गया पर महिला ने आने से इंकार दिया। पीड़ित युवक ने रात कोतवाली पहुचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### पेडों की पौध लेकर जा रही ट्राली पलटने से एक मजदूर की मौत दूसरा घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद रामपुर के गांव मिल्क सनाया थाना भोट के रहने वाले रतीराम पुत्र नन्नू सिंह उम्र 62 वर्ष व उसका पुत्र महेश गांव के ही साथी मजदूर रतनलाल पुत्र मंगली उम्र 65 वर्ष,विपिन सहित 6 लोग ट्रैक्टर ट्राली पर बैठे थे। बिलासपुर जनपद रामपुर के फार्मर की नर्सरी से पॉपुलर पेड़ की पौध जनपद सीतापुर में ब्रिक्री करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान तीन लोग ट्रॉली पर बैठे थे और तीन लोग ट्रैक्टर पर बैठे थे। ट्रैक्टर ट्राली कढैर चौरा के पास में पलट गया। ट्रॉली पर बैठे रतीराम और रतनलाल ट्राली पलटने से ट्राली के नीचे दब गए। घटना को लेकर हाइवे पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने ट्राली के नीचे दबे दोनों मजदूरों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टर ने रतीराम को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है।

### नशे की हालत में नाले में पड़ा मिला अज्ञात युवक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला कायस्थान मंदिर के पास में एक अज्ञात युवक नाले में पड़ा था। वहां से गुजर रहे लोगों ने जब यह देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नाले में पड़े युवक को बाहर निकलवाया गया और 102 एबुलेंस से उसको अस्पताल भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में है।और अपना नाम पता नहीं बता पा रहा है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु, व्यापार बंधु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के सम्बंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने इकाइयों,व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने/ल और कराने के साथ ही उन्हें अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में पुलिस चौकी की स्थापना किये जाने, औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में भूखंड संख्या आठ सेक्टर इक्कीस पर अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराये जाने, राजा एग्रोबेट के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्राप्त कराये जाने, औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में पार्किंग व्यवस्था, गौरीशंकर डेयरी के विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा में आवंटित भूखंडों पर कब्जा दिलाये जाने तथा औद्योगिक क्षेत्र उत्तलवा में सर्विस रोड बनाये जाने के प्रकरण पर चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा की तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।जिलाधिकारी निशा अनंत ने औद्योगिक क्षेत्र में यथोचित कार्यवाही शीघ्र कराये जाने हेतु निर्देशित करने के निर्देश संबंधित को दिया। बैठक में निवेशकों द्वारा किये गये एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के सम्बंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से कठिनाई से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं उसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुये उपस्थित उद्यमियों,व्यापारियों को श्रम विभाग में शत प्रतिशत पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही श्रमिकों का भी पंजीकरण कराने को कहा। बैठक में सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। डीएम निशा अनंत ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुये गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र मिश्र सहित संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

### अमेठी जनपद में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया जायेगा

अमेठी ।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि जनपद में गणतंत्र दिवस पूर्ण गरिमा एवं हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः साढ़े आठ बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान की प्रस्तावना एवं उससे सम्बन्धित इतिहास पर प्रकाश डाला जायेगा। जिसके उपरान्त प्रातः साढ़े आठ बजे सभी सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों में झण्डारोहण के साथ ही राष्ट्रगान आयोजित होगा। प्रातः दस बजे से समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कतव्यों का पाठन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता धर्म निरपेक्षता, साम्प्रदायिक सौहार्द, साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा साथ ही डा भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम अमेठी में पांच किलोमीटर बालक,बालिका वर्ग साइकिल रेस का आयोजन प्रातः दस बजे से किया जायेगा व समस्त नगर पालिका परिषद,नगर पंचायत व मलिन बस्तियों में सामूहिक सफाई का अभियान आयोजित होगा।

# ज्ञान, सत्कर्म और धर्म से मिटेगा अंधकार: डॉ. कौशलेंद्र

अम्बेडकर नगर। श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर पूज्य कथा वाचक डॉ. कौशलेंद्र महाराज ने सनातन धर्म की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''इस संसार में केवल एक ही धर्म है, वह है सनातन धर्म।'' उन्होंने सृष्टि निर्माण की कथा का वर्णन करते हुए मनु-शतरूपा के वंश में उत्पन्न उनके पुत्र-पुत्रियों का विस्तार से उल्लेख किया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को भक्तिपूर्ण वातावरण में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडाल में बधाई गीत गाए गए और श्रद्धालु आनंदित हुए।

डॉ. कौशलेंद्र महाराज ने वर्तमान समाज की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस देश में भगवान श्रीराम ने माता सीता की रक्षा के लिए रावण का वध किया और महाभारत का युद्ध द्रौपदी के सम्मान के लिए हुआ, आज उसी देश में समाज गलत रास्ते पर भटक रहा है। उन्होंने



कहा, ''यदि समाज इसी प्रकार गलत मार्ग पर चलता रहा, तो इसका पतन निश्चित है। धर्म की रक्षा करेंगे, तो धर्म भी आपकी रक्षा करेगा।''

महाराज जी ने सत्कर्म, यज्ञ, तप और सत्संग को मानव जीवन का आधार बताते हुए कहा कि भगवान उन्हीं से प्रसन्न होते हैं। उन्होंने ज्ञान को अंधकार मिटाने का साधन बताते हुए कहा कि धर्म मनुष्य को उचित और अनुचित का भेद समझाता है। बुरी संगति से बचने और आत्मसंयम बनाए रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, ''कानों से वह मत सुनो, जो सुनने योग्य नहीं है; आंखों से वह मत देखो, जो देखने योग्य नहीं है; और वाणी से वह मत बोलो, जो बोलने योग्य नहीं है। महाराज जी ने माता-पिता और गुरु को भगवान के समान बताते हुए कहा कि जो उनकी आज्ञा का पालन करता है, उसका जीवन सुखमय होता है। उन्होंने कहा, ''मनुष्य को अपने जीवन में धर्म का पालन करना चाहिए, क्योंकि धर्म ही जीवन को सफल बनाता है। कथा के मध्य यज्ञाचार्य व ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री ने माताओं और बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने पतियों से यह सुनिश्चित करें कि उनकी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए कोई ऐसा कार्य न करें, जो उन्हें पाप का भागी बना दे।




## संजय कुमार श्रीवास्तव बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने संजय कुमार श्रीवास्तव को उनकी कार्यकुशलता, अनुभव, समाज सेवा, और भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रति उनकी गहरी आस्था और निष्ठा को ध्यान में रखते हुए ''राष्ट्रीय सचिव'' पद पर नियुक्त किया है। महासभा के मुख्य संरक्षक, राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने मिलकर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया।
संजय कुमार श्रीवास्तव ने हमेशा कायस्थ समाज के उत्थान के लिए सराहनीय योगदान दिया है। उनकी उदारता और समाज के प्रति समर्पण ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए योग्य बनाया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा को पूर्ण विश्वास है कि संजय कुमार श्रीवास्तव अपने नए दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी, और कुशल नेतृत्व के साथ निभाते हुए कायस्थ समाज को संगठित करेंगे। महासभा को जन–जन तक पहुंचाने और समाज को मजबूत बनाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा संजय कुमार श्रीवास्तव को राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किए जाने से कायस्थ समाज में उत्साह की लहर है। समाज के लोगों ने उनके चयन का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक निर्णय बताया। संजय कुमार श्रीवास्तव ने हमेशा समाज के लिए समर्पण और सेवा का परिचय दिया है। उनकी नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया।
महासभा और कायस्थ समाज ने संजय कुमार श्रीवास्तव के उज्जवल भविष्य और समाज के उत्थान के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की हैं।















# संविधान गौरव अभियान प्रमोद ने की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर /सिरौली गौसपुर बाराबंकी - संविधान गौरव अभियान के तहत शनिवार को जैदपुर विधानसभा के जैदपुर मंडल अन्तर्गत शक्ति केंद्र अम्बौर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि रूप में पधारे जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रमोद तिवारी ने संबोधित किया। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, शक्तिकेंद्र संयोजक जगदेव यादव, राजकुमार गुप्ता, शाहिद, राजन बक्सोर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के मुताबिक संविधान गौरव दिवस के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय करोरा में



आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके गोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान के प्रति सम्मान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विदेशों में भी, जहां बाबा साहेब ने शिक्षा ग्रहण की थी, वहां उनके नाम के स्मारक स्थापित किए गए हैं। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में भी बाबा साहेब की स्मृति में कई स्मारक निर्माणाधीन हैं।

कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार माना था। उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने पर जोर दिया, क्योंकि वही देश का भविष्य हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, भाजपा नेता नीरज वर्मा, जिला प्रतिनिधि प्रहलाद कनौजिया, मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, प्रधान दयाशंकर शुक्ल स्वत्रंत सिंह, राजेश अवस्थी,मास्टर चन्द्रेश वर्मा, समेत कई गणमान्य व्यक्ति और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# शनि की साढे साती का राजा विक्रमादित्य पर कुप्रभाव कथा सुन व्यथित हुए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। निंदूरा क्षेत्र के मदारपुर गांव में भागवत कथा में कथा व्यास कल्पना चेतन ने राजा विक्रमादित्य पर साढ़े साती दशा का प्रसंग सुनाया।कथा व्यास कहती है कि जब राजा विक्रमादित्य पर साढ़े साती की दशा आई तो शनिदेव ने घोड़े के व्यापारी का रूप धारण किया और बहुत से घोड़ों के साथ विक्रमादित्य के नगर पहुंचे। राजा विक्रमादित्य उन घोड़ों को देखकर एक अच्छे-से घोड़े को अपनी सवारी के लिए चुनकर उस पर चढ़े। राजा जैसे ही उस घोड़े पर सवार हुए वह बिजली की गति से दौड़ पड़ा। तेजी से दौड़ता हुआ घोड़ा राजा को दूर एक जंगल में ले गया और फिर वहां राजा को गिराकर गायब हो गया। राजा अपने नगर लौटने के लिए जंगल में भटकने लगा पर उसे कोई रास्ता नहीं मिला। राजा को भूख प्यास लग गई। बहुत



घूमने पर उन्हें एक चरवाहा मिला। राजा ने उससे पानी मांगा। पानी पीकर राजा ने उस चरवाहे को अपनी अंगूठी दे दी और उससे रास्ता पूछकर जंगल से निकलकर पास के नगर में चल दिए।

नगर पहुंच कर राजा एक सेठ की दुकान पर बैठ गए। राजा के कुछ देर दुकान पर बैठने से सेठ की बहुत बिक्री हुई। सेठ ने राजा को भाग्यवान समझा और उसे अपने घर भोजन पर ले गया। सेठ के घर में सोने का एक हार खूंटी पर लटका हुआ था। राजा को उस कमरे में छोड़कर सेठ कुछ देर के लिए बाहर चला गया। तभी एक आश्चर्यजनक घटना घटी, राजा के देखते-देखते खूंटी सोने के उस हार को निगल गई। सेठ ने जब हार गायब देखा तो उसने चोरी का संदेह राजा पर किया और अपने नौकरों से कहा कि इस परदेशी को रस्सियों से बांधकर नगर के राजा के पास ले चलो। राजा ने विक्रमादित्य से हार के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि खूंटी ने हार को निगल लिया। इस पर राजा क्रोधित हुए और उन्होंने चोरी करने के अपराध में विक्रमादित्य के हाथ-पांव काटने का आदेश दे दिया।इस मौके पर आयोजक महंत लालू दास व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# निमित सिंह उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरणा श्रोत : शशांक त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । शनिवार को फतेहपुर के रजौली स्थित शहद प्लांट पर निमित्त मधुमक्खीवाला की तरफ से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने निमित्त सिंह से शहद प्रोसेसिंग, मोमबत्ती व दीपक बनाने की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमिता के मामले में निमित्त सिंह जिले के प्रेरणास्त्रोत है। जिले में ऐसे उद्यमियों की



आवश्यकता है। कार्यक्रम में केनरा बैंक एम्प्लाई यूनियन की तरफ से करीब 150 गरीब बुजुर्गों को कम्बल भी वितरित किया गया। इस एक दिवसीय मधुमक्खी प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत की स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भी मधुमक्खी पालन की जानकारी ली। इस मौके पर केनरा बैंक के अध्यक्ष डॉ बीके सिंह, स्वाति सिंह, अजय, अकीत, आनंद, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह ,बीडीओ फतेहपुर सन्तोष सिंह, शिवकुमार, अमीर हनीफ उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत मतदान : पवन कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी द्य मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न स्कूलों कॉलेजों के शिक्षक व शिक्षिकाओं के

**एसडीएम की अगुवाई में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली**

साथ छात्र-छात्राओं ने एक रैली निकालकर लोगों को सौ प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज रामनगर यूनियन इंटर कॉलेज प्रशांत बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज व भगवान देई पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज सहित कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने



इंटर कॉलेज से रैली को प्रारंभ कर तहसील मुख्यालय पर समाप्त किया। उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को सौ प्रतिशत मतदान के बारे में समझाया। छात्र-छात्राओं द्वारा लिखे स्लोगन प्रजातंत्र मजबूत करो,सौ प्रतिशत मतदान करो, भी देखने को मिले नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार व सैयद तहजीब हैदर ने भी छात्र-छात्राओं को सौ प्रतिशत मतदान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सभी स्कूलों कॉलेजों के प्राचार्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौके पर मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी भी रहे।

# श्रवणकुंभ का शुभारंभः संगमतट पर सेवा समर्पण और समरसता की अनूठी पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ । 2025 के पवित्र अवसर पर समाज कल्याण विभाग ने संगमतट पर श्रवणकुंभ का भव्य शुभारंभ किया। इस सेवा शिविर का उद्घाटन राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड़ ने किया। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन और एलिम्को के सहयोग से आयोजित इस शिविर में श्रवण शक्ति में कमी से जूझ रहे जरूरतमंदों को निशुल्क जांच एवं उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं।

राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने कहा कि महाकुंभ केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का केंद्र भी है। प्रदेश सरकार समाज के कमजोर वर्ग को मुख्यधारा में लाने हेतु प्रतिबद्ध है, और श्रवणकुंभ इसका जीवंत उदाहरण है। इस पहल से हजारों लोगों को नई आशा और सुविधा प्राप्त होगी।

शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा श्रवण संबंधी समस्याओं की जांच की जा रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने सेवा का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण कराया।

महंत महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास जी महाराज ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस प्रकार के शिविर न केवल सेवा भावना का विस्तार करते हैं, बल्कि समाज में परोपकार का संदेश भी देते हैं। कार्यक्रम में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के समन्वयक डॉ. विशंभर सिंह, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह, एलिम्को की टीम और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित ट्रक ट्रेलर घर में घुसा, मकान क्षतिग्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग पर शनिवार की सुबह लगभग 5:00 बजे बाराबंकी की ओर से आ रहा ट्रक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सादुल्लापुर निवासी रामकृपाल के घर में जा घुस गलिमत यह रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय रामकृपाल उठकर घर से बाहर सौच के लिए चला गया था सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को इलाज के लिए सीएससी कोठी पहुंचाएं

कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की सुबह लगभग 5:00 बजे बाराबंकी की ओर से ट्रक ट्रेलर आ रहा था तभी बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग के किनारे सादुल्लापुर निवासी रामकृपाल के मकान के पास पहले पेड़ से टकराने के



बाद पक्की ईंटों से बनी दीवार तोड़कर घर में घुस गया जिस समय यह हादसा हुआ उसे समय घर मालिक रामकृपाल बिस्तर से उठकर सोच के लिए घर से बाहर गया था हादसा होते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना पुलिस को मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक ट्रेलर से चालक प्रदीप कुमार निवासी परिणी थाना सराय अखिल जिला कौशांबी को बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया

थाना प्रभारी संतोष सिंह का कहना है सूचना मिलने पर घायल चालक को इलाज के लिए भेजा गया है ।



## बाबा कुटिया का होगा पुनरोद्धार, पुनिया ने की भूमि पूजा

जैदपुरबाराबंकी ।जनपद बाराबंकी के कस्बा जैदपुर स्थित ग्राम याकूतगंज में बाबा रूपन दास की जन्मस्थली कुटिया पर बाबा जी की समाधि के चारों ओर परिक्रमा मार्ग के बरामदे के नव निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया भूमि पूजन कार्यक्रम पूर्व सांसद पीएल पुनिया के द्वारा पंडित अशोक कुमार शुक्ला के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूर्ण किया गया । इस मौके पर हरिहर सिंह , रमेश तिवारी , राघवेंद्र , रघुराज सिंह , राजेश अवस्थी एवं रजत वर्मा सहित तमाम ग्राम वासी भी मौजूद रहे ।

## प्रभारी निरीक्षक में सुनी जन शिकायतें

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना परिसर मे शनिवार को प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल सात शिकायती पत्र प्रस्तुत हुए। ग्राम मदारपुर मजरे अनवारी, मातनपुरवा, कुर्सी कसाई मंडी, मोलनिया मजरे मोहसंड के प्रस्तुत हुए। जिसमें पांच राजस्व से और दो पुलिस से संबंधित थे। एक मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं घुंघटेर थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षण बेचू सिंह यादव ने जन समस्याएं सुनी।यहां पर कुल पांच प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।पांचों राजस्व से सम्बन्धित थे दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने परिसर में उपस्थित पुलिस कर्मियों और अन्य व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। इस मौके पर लेखपाल कपिल देव,प्रिंस शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा 27 जनवरी से

निंदूरा बाराबंकी। ग्राम शहीद नगर मजरे बड्डूपुर मे पांच दिवसीय श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव व गायत्री महायज्ञ का आयोजन आहुत है।कार्यक्रम का प्रथम सत्र सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक,द्वितीय सत्र दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक और तृतीय सत्र सायं सात बजे से रात दस बजे तक चलेगा।कार्यक्रम का प्रारंभ आगामी 27 जनवरी सुबह नौ बजे मूर्ति स्वामी आश्रम से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।उक्त जानकारी गायत्री परिवार सदस्य देवेंद्र वर्मा ने दी है।

## चालीस दिन पूर्व नहर में गिरे अधेड़ का नहर में मिला शव

सुल्तानपुर। चालीस दिन पूर्व क्षेत्र के शारदा सहायक नहर खन्ड सोलह में गिरे अधेड़ का शव शनिवार को नहर में उतराता दिखाई दिया, ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची धनपतगंज थाने की पुलिस ने शव को नहर से निकलवा कर पीएम हेतु भेजा है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के थाना धनपतगंज के ग्राम पीरोसरैया निवासी राममिलन उर्फ दीपू पटवा विगत सोलह दिसंबर को हरौरा बाजार सामान लाने गया था बाजार से वह घर वापस जा रहा था। लघु शंका के लिए वह नहर के किनारे चला गया पैर फिसलने के कारण अधेड़ युवक नहर में गिर गया। पुलिस की मदद से ग्रामीण तथा गोताखोर कई दिन तक अधेड़ के शव की तलाश की लेकिन शव नही मिला। शनिवार को सुबह नहर में एक शव उतराता दिखाई दिया तो ग्रामीणों की सूचना पर धनपतगंज पुलिस पहुंची। लाश निकालने के बाद मृतक के परिजनों ने लाश की पहचान राम सुमिरन पटवा के रूप में किया। लाश को पुलिस ने शव विच्छेदनगृह भेज दिया है।

## दिनदहाड़े महिला के पर्स से 30 हजार उड़ाए

'सुल्तानपुर। नगर कोतवाली में थाना दिवस के दौरान एक फरियादी दिनदहाड़े चोरी की रोचक घटना का प्रकरण लेकर पहुंचा। बताया जाता है कि कुड़वार के मोहम्मद रिहान ने बताया कि उनकी बहन महरोज़ बानो बीते दिनों शहर के चौक में खरीदारी करने आई थी। जब वह घंटाघर के निकट बीच डिवाइडर पर स्थित पानी पुरी के ठेले पर परिवार के लोगों के साथ खड़ी हुई। तभी उन्होंने देखा कि उनके पर्स का चैन खुला हुआ था। जब उसमें उन्होंने देखा तो पर्स में रखा ?30000 गायब था। पीड़ित ने घुमन्तु गिरोह की लड़कियों पर शक जताया है लेकिन आसपास के लोगों ने सीसीटीवी फुटेज देने में सहयोग नहीं किया।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 ''वोट जैसा कुछ नहीं ,वोट जरुर डालेंगे हम ''कार्यक्रम के अंतर्गत आज जीआईसी ऑडिटोरियम में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री आर जगत साईं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को न केवल मनोरंजक बनाया, बल्कि यह भी दर्शाया कि किस प्रकार कला और संस्कृति लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करने में प्रभावी हो सकती है। पायनियर मोंटसरी इंटर कॉलेज और जमील उर रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ल्लवोट केवल एक



अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हमारी सबसे बड़ी भूमिका है। हर एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। हमें न केवल स्वयं जागरूक होना है, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करना है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक इसमें भागीदार बने। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष पाठक ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अभिनव वर्मा और साबरीन को पहली बार मतदाता बनने पर फोटो पहचान पत्र प्रदान किए गए और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी का स्वागत किया गया। 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक पलिया मसूदपुर के श्री नौमीलाल को और दिव्यांग मतदाता अंशु शर्मा, प्रहलाद, नागेश पटेल को और ट्रांसजेंडर मतदाता प्रियंका को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बीएलओ सुधीर कुमार, रागिनी पांडे, वीरेंद्र विक्रम सिंह, विनय कुमार, सत्येंद्र कुमार, गरिमा मोहन, दीपेंद्र कुमारी, अमन हुसैन तथा सुपरवाइजर आदर्श यादव, अनुराग पाठक, सोनम सिंह, मखमूर रजा जैदी, मोहम्मद फजल अंसारी, कपिल देव, अपराजिता रायजादा, साकेत कुमार वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाए और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बने : जिलाधिकारी**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिया संदेशः वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली का भी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना की और सभी छात्र छात्राओं, अध्यापिकाओं, अध्यापको का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी श्री इंद्रसेन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री आर जगत साईं, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्री केडी शर्मा, जनेस्मा प्राचार्य श्री सीताराम सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और उनके अध्यापकगण उपस्थित रहें।

# संविधान के आदर्शों को याद दिलाता है गणतंत्र दिवस : राज्यपाल



आज, 26 जनवरी के पावन अवसर पर, मैं आप सभी को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिन हम सभी के लिए गर्व और उल्लास का दिन है। यह वह दिन है, जब हमारे देश का संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणराज्य राष्ट्र बना। गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान के उन आदर्शों की याद दिलाता है, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आधार पर समाज का निर्माण करते हैं। यह उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना हमें आज़ादी दिलाई और हमारे देश को नई दिशा दी।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, पं. जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और लाखों भारतवासियों ने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इन सभी को मैं नमन करता हूं।

शहीद भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, करतार सिंह सराभा, मदन लाल ढींगरा, लाला लाजपत राय, गदरी बाबे और ऐसे ही अन्य कई स्वतंत्रता सेनानी आजादी के आंदोलन में शहीद हुए थे। इन सभी शहीदों को भी नमन करते हुए मैं उनका स्मरण करता हूँ। आज इस अवसर पर मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों का भी पुण्य स्मरण करता हूं। हमारा देश, डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का सदैव ऋणी रहेगा, जिन्होंने प्रारूप समिति की अध्यक्षता की और संविधान को अंतिम रूप देने में मत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस का विषय 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' है जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की साल-दर-साल प्रगति को दर्शाता है।

# रंगले पंजाब की सृजना के लिए उपलब्धियां, पहलकदमियां और उम्मीदें : भगवंत सिंह मान

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के नेतृत्व में हमारे पूर्वजों द्वारा तैयार किया गया संविधान लागू होने के साथ 26 जनवरी, 1950 की शुभ सुबह को भारत प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष गणराज्य बना।

यह हम सभी के लिए वास्तव में गर्व का क्षण था क्योंकि हमें मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की शक्ति मिली, जिससे हमें हमारे पूर्वजों द्वारा देखे गए 'लोगों की, लोगों के लिए और लोगों द्वारा' सरकार के सपने को पूरा करने का मौका मिला। पिछले 75 वर्षों के दौरान हर गुजरते दिन के साथ देश में लोकतंत्र मजबूत हुआ है क्योंकि देशवासियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास दिखाया और बिना किसी डर के मतदान कर स्पष्ट फैसला दिया। इसी तरहभारतीयों विशेष रूप से पंजाबियों ने देश की कठिन मेहनत से प्राप्त की गई प्रभुत्व को किसी भी तरह के खतरे का डट कर सामना किया है।

हमारे बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की शान और प्रभुत्व की रक्षा के लिए 1947, 1962, 1965, 1971 की लड़ाई और फिर कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा के लिए महान बलिदान दिए हैं। हम सभी के लिए यह बहुत ही गर्व और संतोष की बात है कि पंजाबियों को हमारे महान सिख गुरुओं से बलिदान और देशभक्ति का अद्वितीय जज्बा विरासत में मिला है, जिन्होंने हमें अत्याचार, अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने की शिक्षा दी है। एक स्वतंत्र और प्रभुत्व संपन्न भारतीय गणराज्य का हमारे पूर्वजों द्वारा देखा गया सपना देशवासियों द्वारा शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई के दौरान दिए गए अनगिनत बलिदानों के कारण पूरा हुआ। भारत के राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों द्वारा दिए गए बेमिसाल बलिदानों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।



देश के हजारों गुमनाम नायकों विशेष रूप से पंजाब की धरती के सपूतों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए प्रमुख योगदान को कोई नहीं भूल सकता है। इस बहादुरी ने लाखों अन्य लोगों को स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। देश की आबादी का केवल दो प्रतिशत होने के बावजूद भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 80 प्रतिशत बलिदान या निर्वासन पंजाबियों के हिस्से में आया। देश की आजादी के लिए चली कूका, गदर, किसान, पगड़ी संभाल और अन्य लहरों के अलावा पंजाब की धरती ने लाला लाजपत राय, दीवान सिंह कालेपानी और अन्य सपूतों को जन्म दिया, जिन्होंने देश को ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी की जंजीरों से आजाद करवाया। शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव, शहीद ऊधम सिंह और करतार सिंह सराभा के बलिदानों ने युवाओं में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ने की चिंगारी जलाई। इसी तरह जलियांवाला बाग का दुखांत जालिम ब्रिटिश राज के कफन में आखिरी कील साबित हुआ। आजादी के बाद बाहरी हमलों से देश की सीमाओं की रक्षा के अलावापंजाबी हमेशा देश की खुशहाली और समग्र विकास में अग्रणी भूमिका में रहे। संकट के समय भी हमने बहादुर पंजाबियों ने कभी पीठ नहीं दिखाई, बल्कि देश के संविधान में पूर्ण विश्वास रखकर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है। पंजाब के किसानों ने राज्य के सीमित प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपना खून-पसीना बहाया है। राज्य के बहादुर सैनिकों ने 1947, 1962, 1965, 1971 और कारगिल युद्ध के अलावा देश को आंतरिक विद्रोह से बचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनगिनत बलिदान देकर अपनी मातृभूमि की रक्षा की शानदार परंपराओं को कायम रखा है। राज्य सरकार के अथक प्रयासों के कारण पंजाब वर्तमान वर्ष के दौरान शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलावों की कगार पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार हमारे समाज के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, लेकिन दुर्भाग्य से पिछली राज्य सरकारों के कार्यकाल के दौरान इन क्षेत्रों को अब तक लगातार नजरअंदाज किया गया। अब पद संभालने के बाद मेरी सरकार इन जनहित के क्षेत्रों के विकास पर जोर दे रही है। वर्तमान वर्ष के दौरान राज्य सरकार इन क्षेत्रों को पुनर्जीवित करेगी ताकि लोगों को इनका अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके। इन क्षेत्रों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। इस नेक कार्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी क्योंकि ये क्षेत्र सीधे तौर पर लोगों की भलाई से जुड़े हुए हैं और चालू वर्ष के दौरान इन तीनों क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए शहीद भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए हमारी सरकार लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर जैसे महान राष्ट्रीय नायकों के सपने अभी भी अधूरे हैं। आजादी के बाद के दशकों के दौरान राज्य में सत्ता संभालने वाली कई सरकारों से लोगों को बहुत उम्मीदें थी, लेकिन ज्यादातर सरकारों ने भ्रष्टाचार, गरीबी, बेरोजगारी और कई अन्य समस्याएं दी, जो पंजाब में अभी भी गहरी जड़ें जमाए हुए हैं।

# डीएम का कड़ा रुख:स्टाम्प शुल्क चोरी और भूमि हेरफ़ेर

## फर्जीवाड़े के दोषियों पर एफआईआर के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जमीन की खरीद फरो ख्त में गड़बड़ी,स्टाम्प शुल्क चोरी,और धोखाधड़ी के गंभीर मामले में सख्त कदम उठाते हुए शनिवार को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।उन्होंने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई सुनि श्चित करने को कहा। यह मामला नवाबगंज शहरी,परगना नवाबगंज की गाटा संख्या 1625 से संबंधित है।भूमि के मूल क्षेत्रफल में कूटरचना और स्टाम्प शुल्क चोरी की पुष्टि जांच में हुई है।शिकायतकर्ता हरिराम सिंह की ओर से दिए गए प्रार्थना-पत्र के बाद जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की जांच के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी थी। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि खतौनी 1359 फसली में गाटा संख्या 1625 का क्षेत्रफल 0.13 डि.दर्ज था,जिसे हेरफ़ेर कर 0.18 डि.कर दिया गया।वहीं,जिन खतौ नियों में यह बदलाव हुआ है,वे अभिलेखागार में उपलब्ध नहीं हैं,जिससे फर्जीवाड़ा स्पष्ट हो गया।इसके आधार पर 2015 में मो.लतीफ ने यह जमीन सोनूलाल पुत्र जोखूराम को बेची और 2020 में सोनूलाल ने इसे लुसरा पत्नी राधे के नाम बैनामा कर दिया।





### हाईवे का उल्लेख छिपाकर की गई स्टाम्प चोरी

मुख्य राजस्व अधिकारी की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि गाटा संख्या 1625 अयोध्या-बहराइच हाईवे के किनारे नवाबगंज बाजार में स्थित है।इस पर आवासीय और व्याव सायिक भवन बने हैं। लेकिन 2015 और 2020 के बैनामे में हाईवे का उल्लेख न करके गलत चौहद्दी दिखाई गई और स्टाम्प शुल्क चोरी की गई। जांच रिपोर्ट का संज्ञान ले ते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तत्काल एफआईआर द र्ज कराने और सभी संबंधित दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा,''सरकारी दस्तावेजों में हेरफ़ेर और स्टाम्प शुल्क चोरी जैसे मामलों को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नेहा शर्मा ने राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी प्रक्रियाओं को अपनाया जाए और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।इस स ख्त कदम से गोण्डा जिले में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने का स्पष्ट संदेश दिया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी सरकारी प्रक्रिया में अनियमितता करता है,तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर धड़ल्ले से हो रहे संचालित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के कर्नलगंज तहसील क्षेत्र में अवैध पैथोलॉजी लैब व डायग्नोस्टिक सेंटर की बाढ़ सी आ गई है।कलेक्श न सेंटर की आड़ में धड़ल्ले से अवैध पैथोलॉजी लैबों का संचालन किया जा रहा है।जिला मुख्यालय कर्नलगंज तह सील क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे जगह-जगह पैथो लॉजी लैब खोल ली गई हैं और इनकी संख्या में तेजी से इजाफा भी होता जा रहा है।बिना रजि स्ट्रेशन व अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रहीं पैथोलॉजी लैबों की जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार जिले में क़रनैलगंज, परसपुर, तरबगंज,धानेपुर,बाबागंज, बेलसर में डायग्नोस्टिक सेंटर व पैथोलॉजी लैब की भर मार है किसी के अधिकतर पैथो लॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर पर रेडियोलॉजिस्ट व डॉक्टर की उपस्थिति नहीं रहती है।मन माफिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है।लेकिन क़रनैलगंज में ही एक दर्जन से ज्यादा अवैध पैथोलॉजी संचालित हो रही है।वही क़रनैलगंज तहसील क्षेत्र में यह आंकड़ा एक दर्जन से ज्यादा भी बताया जा रहा है लैब का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है और लोगों के सैंपल लेकर जांच की जा रही है।न योग्यता न रजिस्ट्रेशन लैब संचालन व डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए शासन द्वारा विधि वत नियम लागू किए गए हैं,लेकिन जिले में आश्चर्यजनक रूप से डीएमएलटी व उनके सहयोगी तक लैब संचालित कर रहे हैं, वे ही रिपोर्ट में साइन करके दे रहे हैं, जबकि लैब संचालक एमबीबीएस,एमडी पैथोलॉजिस्ट व डायग्नो स्टिक सेंटर का संचालक सोनोलॉजिस्ट होना चाहिए। इतना ही नहीं अवैध तरीके से संचालित हो रहीं लैब व डायग्नोस्टिक के पास न ही नियमानुसार पॉल्यूशन बोर्ड का रजिस्ट्रेशन है और न ही पंजीकृत मेडिकल वेस्ट फर्म का पंजीयन है।लैब व डायग्नोस्टिक सेंटर के पास पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का रजिस्ट्रे शन,पंजीकृ त मेडिकल वेस्ट सर्विस से एग्रीमेंट, सीएमएचओ ऑफिस का रजिस्ट्रेशन,नगर पंचायत का अनुमति पत्र व गुमाश्ता लायसेंस,दुकान का किराया नामा होना आवश्यक है, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं। वहीं सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है, कि परसपुर में संचालित हो रहे अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर जिनका पंजीकरण है। उनके यहां एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजिस्ट व डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालक सोनोलॉजिस्ट के डिग्री धारक नहीं मौजूद हैं। आप प्रशिक्षित डॉक्टर के द्वारा जांच की जा रही है। वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है पैथोलॉजी लैब व डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालन के पीछे सीएमओ कार्या लय में पदस्थ अमले की मिलीभगत बताई जा रही है। इनके फलने-फूलने के पीछे ऐसे चिकित्सकों की भी कम भूमिका नहीं जो अधिक कमीशन के चक्कर में चिकित्सक इन अप्रशिक्षित लैब में अपने मरीजों को जांच के लिए भेज रहे हैं। वहीं सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि कई डॉक्टर तो अपनी क्लिनिक में सेंपल लेकर इन लैब तक पहुंचा रहे हैं।

# सिधुआ स्थान मंदिर के सुंदरीकरण कार्य का भाजपा सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। पडरौना क्षेत्र के सिधुआं स्थान मंदिर का पर्यटन विभाग की ओर से सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके लिए 1.14 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शुक्रवार को सदर विधायक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्माण का शिलान्यास किया।सिधुआ मंदिर निर्माण के भूमि पूजन में शामिल हुए विधायक और पुर्व अध्यक्ष पडरौना शहर के सिद्ध पीठ श्री सिद्धनाथ सिधुआ बाबा मंदिर परिसर में दो करोड रुपए की लागत से शौचालय और धर्मशाला सहित अन्य निर्माण के लिए बृहस्पतिवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल की मौजूदगी में मंदिर का भूमि पूजन किया। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों की बदहाल व्यवस्था को दूर करने के साथ-साथ आम लोगों को यात्रा में होने वाली परेशानियों को लेकर पडरौना शहर की बहुचर्चित बस स्टेशन और से संबजी मंडी समेत जिला जेल का निर्माण तेजी से चल रहा है। बहुत जल्द ही इन सभी निर्माण कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा और लोगों को बेहतर सहूलियत मिलेगी। कहा की सिधुआ मंदिर के मुख्य मंदिर के गर्भगृह में स्थापित बाबा सिद्धनाथ की पूजा की जाती है। स्थानीय लोग बाबा सिद्नाथ को गोरखपुर के बाबा गोरक्षनाथ के समकक्षीय संत मानते हैं। लोगों की मान्यता है कि सच्चे मन से उनके समक्ष मांगी गई मन्नतें पूरी हो जाती हैं। इसलिए, शहर के अलावा आसपास गांव के लोग वहां मुंडन, विवाह, अनुष्ठान समेत अन्य धार्मिक आयोजन करते हैं। नतीजतन हर हर दिन यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। इसको देखते हुए मैने अपने पहल पर मंदिर का सुंदरीकरण के लिए शासन से दो करोड़ रुपये स्वीकृत कराया हैं। इस धनराशि से मंदिर परिसर में शौचालय, धर्मशाला, पेयजल, बैठने के लिए बेंच आदि लगवाने के साथ मंदिर के सुंदरीकरण के लिए अन्य सभी जरूरी कार्य होगा किए जाएंगे। यह निर्माण कार्य होने के बाद मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और वहां अनुष्ठान समेत अन्य धार्मिक आयोजन करने वालों को सहूलियत मिलेगी। इसी तरह बंसी घाट के लिए भी मैं सदन में बजट पास करने के लिए मांग किया है बहुत जल्दी बांसी में भी समस्याओं से लोगों के हित के लिए बेहतर कर कराई जायेगी । इसके पूर्व सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सिधुआ स्थान मंदिर परिसर में पुरोहितों के साथ वैदिक मंत्र के बीच मंदिर परिसर में होने वाले निर्माण कार्य की पूजा पाठ कर नीव रखी।उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सिद्धपीठ सिधुआ मंदिर क्षेत्र के लोगों का आस्था का केंद्र है। यहां निर्माण कार्य करने के लिए सीएनडीएस को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

मंदिर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसलिए मंदिर परिसर में सामुदायिक सभागार, शौचालय, सोलर लाइट, मंदिर में मार्बल, पत्थर के बेंच और इंटरलॉकिंग का कार्य के साथ बहुत जल्द ही बांसी नदी के पुनरुद्धार का कार्य शुरू होगा। इस दौरान पूर्व चेयरमैन शिवकुमारी देवी, मंहथ योगेश्वर नाथ, परियोजना प्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता, उपनिदेशक पर्यटन रविंद्र कुमार, जेई संदीप चौरसिया, भुवनेश्वर,संतोष गुप्ता साधु, प्रधान प्रतिनिधि सिधुआ मिश्रौली आलोक शुक्ला, जितेंद्र वर्मा सूरज गुप्ता,घनश्याम खरवार आदि लोग मौजूद रहे।

# विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर वक़्फ़ पर सरकार के अनुरूप रिपोर्ट देना चाहते हैं जगदंबिका पाल : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने वक़्फ़ संशोधन बिल पर गठित जेपीसी के विपक्षी सदस्यों को निलंबित किये जाने की निंदा करते हुए इसे सरकार के अलोकतांत्रिक कार्यशैली का उदाहरण बताया है। शाहनवाज़ आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद अगर जेपीसी वक़्फ़ संशोधन बिल पर अपनी रिपोर्ट रखता है तो उसे कमेटी की रिपोर्ट के बजाए सत्ता पक्ष की रिपोर्ट मानी जाएगी. इसे इससे प्रभावित होने वाले समाज कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही विपक्षी सदस्यों की तरफ से लोकसभा के स्पीकर को लिखे पत्र में सदस्यों ने शिकायत की थी कि जेपीसी चेयरमैन लोकतांत्रिक तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। यहाँ तक कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खरगे के खिलाफ़ भाजपा के सदस्य व्यक्तिगत टिप्पणी भी कर रहे थे। जो साबित करता है कि जेपीसी में भाजपा सदस्य अपने दिये गए काम के अलावा सब कुछ कर रहे थे। इन्हीं मुद्दों को उठाने के कारण जेपीसी चेयरमैन ने भाजपा



सदस्यों के साथ मिलकर विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि विपक्षी सांसदों का यह आरोप बहुत गंभीर है कि जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल को किसी ने फोन किया और फोन पर निर्देश प्राप्त करने के बाद ही आश्चर्यजनक तरीके से अचानक विपक्षी सदस्यों को उन्होंने निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि जेपीसी चेयरमैन को किसने फोन करके विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का आदेश दिया क्योंकि अगर जेपीसी के चेयरमैन ही किसी और के कहने पर काम कर रहे हैं तो फिर जेपीसी गठन का औचित्य ही खत्म हो जाता है।

# जेब मे संविधान की किताब लेकर घूमने वाले लोगों से रहें सावधान : अनूप अवस्थी

एजेंसी

कानपुर। जो लोग संविधान संविधान का अपमान करते हैं, वही अपनी जेब मे संविधान की किताब रखकर घूमते हुए समाज को गुमराह करते हैं। देशवासियों को ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा। संगत के असर से ही रंगत आती है। यह बातें शनिवार को भाजपा के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने पखवाड़ा समापन के दौरान कही। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर आयोजित पखवाड़े का अंतिम दिन बड़े ही उत्साह और संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सीसामऊ विधानसभा के बूथ संख्या 275 पर हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने संविधान के महत्व और उसकी गरिमा को बनाए रखने के लिए उपस्थित नागरिकों को जागरूक किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में विपक्ष के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जो लोग संविधान की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे, वही लोग अब संविधान की किताब अपनी जेब में लेकर भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। जो अपने स्वार्थ के लिए संविधान का दुरुपयोग कर समाज को भ्रमित कर रहे हैं। हमें न केवल ऐसे लोगों को पहचानना है, बल्कि उन्हें बेनकाब भी करना है। संविधान हमारा स्वाभिमान है और इसे सुरक्षित रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। संविधान गौरव अभियान का यह पखवाड़ा संविधान की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत हर बूथ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें लोगों को भारतीय संविधान के महत्व और उसकी रक्षा के लिए उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन बूथ अध्यक्ष सुनील दीक्षित ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे द्वारा किया गया।

# पेज एक का शेष

## महाकुंभ हमारी...

संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में शामिल भारत को, ज्ञान और विवेक का उद्गम माना जाता था। लेकिन, भारत को एक अंधकारमय दौर से गुजरना पड़ा। औपनिवेशिक शासन में, अमानवीय शोषण के कारण देश में घोर गरीबी व्याप्त हो गई।''

उन्होंने कहा, ''हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज इसलिए बन पाया है क्योंकि नागरिकों की निष्ठा, सदियों से, हमारी नैतिकता-परक जीवन-दृष्टि का प्रमुख तत्व रही है। हमारा संविधान, भारतवासियों के रूप में, हमारी सामूहिक अस्मिता का मूल आधार है जो हमें एक परिवार की तरह एकता के सूत्र में पिरोता है। पिछले 75 वर्षों से, संविधान ने हमारी प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। आज के दिन, हम, संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉक्टर भीमराव आंबेडकर, सभा के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों, संविधान के निर्माण से जुड़े विभिन्न अधिकारियों और ऐसे अन्य लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जिनके कठिन परिश्रम के फलस्वरूप हमें यह विलक्षण ग्रंथ प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे कहा, ''सरकार द्वारा वित्तीय समावेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, इसलिए प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया और अटल पेंशन योजना जैसी वित्तीय समर्थन योजनाओं का विस्तार किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता पहुंचाई जा सके। यह भी एक बहुत महत्वपूर्ण बदलाव है कि सरकार ने जन-कल्याण को नई परिभाषा दी है, जिसके अनुसार आवास और पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों को अधिकार माना गया है। वंचित वर्गों के लिए, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों की सहायता के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। अनुसूचित जातियों के युवाओं के लिए प्री- मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तियां, राष्ट्रीय फ़ेलोशिप, विदेशी छात्रवृत्तियां, छात्रावास और कोचिंग सुविधाएं दी जा रही हैं।

## दुनिया की आंखें ...

भारत के ऊपर कोई संकट आएगा तो सनातन धर्म पर संकट आएगा। सनातन धर्म पर संकट आएगा तो भारत के अंदर कोई भी पंथ और संप्रदाय अपने आप को सुरक्षित महसूस ना करे। वह संकट सबके ऊपर आएगा, इसलिए संकट की नौबत आने ना पाए, इसके लिए एकता का संदेश आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि इस महाकुम्भ के आयोजन से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दिन कोटि-कोटि श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की पावन त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाकर अभिभूत हो रहे थे तब उने जो पॉजिटिव द्यशेष पेज 11 परकमेंट्स थे उसने पूरी दुनिया की आंखों को खोलने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार कहते हैं की यह सदी भारत की सदी है, भारत की सदी का मतलब हर एक क्षेत्र में भारत को विकास की बुलंदियों को छूना है। लेकिन हर एक क्षेत्र में देश उन बुलंदियों को तब छुएगा जब उस क्षेत्र से जुड़े हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों का ईमानदार पूर्वक निर्वहन करेंगे। जो राजनीति मैं हैं वह राजनीति के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, सीमा पर सेना देश की रक्षा का काम कर रही है और धार्मिक जगत से जुड़े हुए हमारे पूज्य संत भी अपना दायित्व निभा रहे हैं। सीएम ने कहा, भारत से सनातन धर्म की संस्कृति दुनिया के अंदर पहुंची तो वह तलवार के बल पर नहीं, बल्कि अपने सद्‌भाव के माध्यम से पहुंची। दक्षिण पूर्वी एशिया के तमाम देशों में जहां भी सनातन धर्म पहुंचा है वहां पर उन्होंने अपने कार्य से, व्यवहार से भारत के मूल्य और आदर्श से वहां के समुदाय को अपनी ओर आकर्षित किया है। दुनिया के कई देशों ने राम की, कृष्ण की या फिर बुद्ध की परंपरा को स्वीकार किया है और बड़े गौरव के साथ उस परंपरा से जुड़ने के बाद खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। आप दुनिया के किसी भी देश में जाइए, किसी न किसी रूप में वह भारत के साथ जुड़ते हुए दिखाई देते हैं। एक अंधकार का युग था, जिससे उबर कर हम लोग आगे की ओर बढ़ रहे हैं। सीएम ने कहा कि आपने देखा होगा कि क्या पवित्र भाव के साथ महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। कोटि-कोटि श्रद्धालु आ रहे हैं। आज यहां पर वर्तमान में दो करोड़ श्रद्धालु मौजूद हैं। सभी सड़कें चोक हो चुकी हैं। यह लगातार चलेगा। पिछले 10 दिनों के अंदर महाकुम्भ के पावन त्रिवेणी संगम में 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं और अगले 35 दिन के अंदर यह संख्या 45 करोड़ पहुंचने वाली है। दुनिया के अंदर कितने देश हैं जो 45 करोड़ लोगों को एक अस्थाई शहर में आमंत्रित करके उनको जोड़ने का संदेश देते हैं। दुनिया के अंदर कौन सा ऐसा देश है, जहां पर कोई भूखा नहीं सो सकता। यहां किसी भी अखाड़े में जाएंगे, किसी भी शिविर में जाएंगे, वहां पर उसको 2 जून की रोटी मिल जाएगी। वहां आशीर्वाद भी मिलेगा, दक्षिणा भी मिलेगी और प्रसाद भी प्राप्त होगा। यह केवल सनातन धर्म ही दे सकता है। लाखों, करोड़ों लोग जो यहां आ रहे हैं, उन्हें कोई चिंता नहीं। कहां रहना है, कहां सोना है, क्या खाना है, कैसे जाना है, किसी बात की कोई चिंता नहीं। बस अपना बैग, अपनी गठरी उठाई और चल दिए। यह ताकत है सनातन धर्म की, यह ताकत है पूज्य संतों की। यहां उसकी कोई जाति नहीं पूछ रहा, उसका कोई पंथ और संप्रदाय नहीं पूछ रहा है, कोई नाम नहीं पूछता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न तीर्थ स्थलों से आए श्री महंत, आचार्य और योगेश्वर का हृदय से सम्मान किया। उन्होंने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज, परमात्मानंद महाराज और निर्मलानंद महाराज को शॉल ओढ़ाकर और गोरखनाथ की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इनके साथ ही सतुआ बाबा, सुदर्शनाचार्य महाराज, स्वामी धीरेंद्र और स्वामी जितेंद्रनाथ का भी सम्मान किया गया। उन्होंने रामानुजाचार्य, श्रीधराचार्य, शेरनाथ महाराज, उमेशनाथ महाराज, कृष्णनाथ महाराज, समुद्रनाथ महाराज, संख्यनाथ महाराज, रामनाथ महाराज, श्री महंत सोमवरनाथ महाराज, और मिथिलेशनाथ महाराज का भी अभिनंदन किया।

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रेयस्कर देव सिंह उर्फ़ गौरव सिंह
पूर्व ब्लॉक प्रमुख
पंडरी कृपाल/वर्तमान जिला पंचायत सदस्य (गोंडा)


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन एक्स-रे एंड पैथोलॉजी सेंटर
पताः निकट सरकारी अस्पताल वजीरगंज गोंडा


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
क्लीनिक
डॉ. एस.पी. मौर्य (बी.ए.एम.एस)
वजीरगंज जनपद-गोंडा


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रण विजय सिंह
प्रबंधक
शहीद सत्यवान भारत गैस
पता: नगर कोतवाली के सामने जनपद-गोंडा


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिवानी एक्सप्रेस
एसी, स्लीपर, बस सर्विस बलरामपुर, महाराजगंज, इटियाथोक, दर्जीकुआं, गोंडा, फैजाबाद, लखनऊ, दिल्ली, अहमदाबाद, लगेज व पार्सल की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध।

वैष्णो दास मिश्रा

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

देवेंद्र प्रताप सिंह
प्रबंधक
पता: कच्चे बाबा मार्ग आवास विकास कॉलोनी गोंडा मो. 9415038110
हमारे संस्थान
ऑफिस इंफोटेक, गोदावरी इनफरा
मंगलम गैस प्रतिष्ठान

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुलदीप मिश्र
प्रबंधक
पता: लौव्वा टेपरा, बेलसर रोड, गोण्डा
मो0 9838695203

-:हमारे संस्थान:-

श्री मेंहदीपुर बालीजी भारत गैस सर्विस

कृषि सेवा केन्द्र

अर्थरिस्ट फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

श्री बालाजी कन्स्ट्रक्शन

एचीवर्स फार्मर फाउन्डेशन

भारतमेज प्रोड्यूसर फाउन्डेशन

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063